वर्ष : 33 ▸ अंक : 207 ▸ पृष्ठ : 8 ▸ मुंबई, रविवार, 13 अक्टूबर 2024 ▸ RNI: MAHHIN/49994/91 ▸ मूल्य : 3 रुपए ▸ epaper.dobajedopahar.com ▸ संपादक : अरुण लाल



मुंबई, नवी मुंबई, ठाणे, पालघर, रायगढ़, नासिक, पुणे से एक साथ प्रकाशित

# दो बजे दोपहर

पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है

## चला गया बॉलिबुड का शांतिदूत



2008 में फिल्म अभिनेत्री कैटरीना कैफ की बर्थडे पार्टी में अभिनेता शाहरुख खान और सलमान खान के बीच गहमा-गहमी हुई थी। यह दुश्मनी काफी लंबी चली जिसके कारण बॉलीवुड को बहुत नुकसान हो रहा था। बाबा सिद्दीकी ने 2013 में अपने घर की इफ्तार पार्टी में इस विवाद को खत्म कराया था। इस पार्टी में दोनों सितारों ने पुराने गिले शिकवे भुलाकर एक-दूसरे को गले लगाया। सोशल मीडिया पर इसकी खूब चर्चा हुई और बाबा सिद्दीकी को बॉलीवुड का शांतिदूत माना जाने लगा।

# एनसीपी नेता बाबा सिद्दीकी की गोली मारकर हत्या

### बेटे के ऑफिस से निकल रहे थे सिद्दीकी

मिली जानकारी के अनुसार वे बांद्रा ईस्ट में खैरवाडी सिग्नल के पास अपने बेटे जीशान सिद्दीकी के ऑफिस से घर के लिए निकल रहे थे। दशहरे के पटाखों के बीच उन पर हमलावरों ने गोली चलाई। पहली गोली उनके सहयोगी के पैर में लगी। इसके बाद बाबा सिद्दकी पर दो से तीन राउंड फायरिंग की गई। जिसमें वे बुरी तरह जख्मी हो गए। तुरंत ही उन्हें लीलावती अस्पताल ले जाया गया, जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया।

**दोपहर संवाददाता | मुंबई**

हाल ही में कांग्रेस छोड़कर (अजीत पवार गुट) एनसीपी में शामिल हुए तीन बार विधायक रहे बाबा सिद्दीकी की शनिवार रात 9 बजकर 15 मिनट पर बांद्रा ईस्ट में गोली मारकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने तीन में से दो हत्यारों को गिरफ्तार कर लिया है। जबकि एक फरार बताया जा रहा है। एक हत्यारा उत्तर प्रदेश का और दूसरा हरियाणा का है। पहली नजर में यह प्लान मर्डर बताया जा रहा है। इस माह में यह एनसीपी के दूसरे नेता की हत्या की गई है। इससे पहले मुंबई के भायखला इलाके में एनसीपी (अजीत पवार गुट) के नेता सचिन रम्मुरथ कुर्मी की हत्या कर दी गई थी।

### 'आरोपियों को बख्शा नहीं जाएगा'



हमले के बाद महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कहा- दो आरोपी पकड़े गए हैं। इनमें से एक यूपी का है, दूसरा हरियाणा का है। तीसरा आरोपी फरार है। उन्होंने कहा कि आरोपियों को बख्शा नहीं जाएगा। घटना की जानकारी के बाद उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस अस्पताल पहुंचे।

### 15 दिन पहले ही बाताया था जान का खतरा

बाबा सिद्दीकी ने 15 दिन पहले ही उप मुख्यमंत्री अजित पवार से बात कर अपनी जान का खतरा बताया था। इसके बाद उन्हें केंद्र सरकार की ओर से Y दर्जे की सुरक्षा दी गई थी। Y दर्जे की सुरक्षा के बावजूद बाबा सिद्दीकी पर हुए हमले ने बहुत से सवाल खड़े कर दिए हैं।

### सुनील दत्त उन्हें राजनीति में लाए

महाराष्ट्र के दिग्गज नेताओं में से एक बाबा सिद्दीकी बॉलीवुड में भी काफी मशहूर थे। बॉलीवुड में वे अपनी इफ्तार पार्टी के लिए चर्चित रहे। उनकी इफ्तार पार्टी में शाहरुख खान और सलमान खान जैसे एक्टर्स की दोस्ती भी कई बार चर्चा का विषय बनी। इसके साथ ही बॉलीवुड के कई जाने-माने सेलिब्रिटीज से उनकी गहरी दोस्ती थी। कहा जाता है कि सुनील दत्त उन्हें राजनीति में लेकर आए थे।

### लंबे समय तक कांग्रेस से जुड़े रहे बाबा सिद्दीकी

बाबा सिद्दीकी लंबे समय से कांग्रेस से जुड़े हुए थे। उन्होंने 1977 में कांग्रेस जॉइन की थी। हालांकि लोकसभा चुनाव 2024 से पहले ही वह एनसीपी अजित पवार गुट में शामिल हो गए। मुंबई में एक नगरसेवक के रूप में पॉलिटिकल करियर की शुरुआत करने वाले बाबा सिद्दीकी राजनीतिक जगत में जाना पहचाना नाम रहे। वे 1999, 2004 और 2009 में बांद्रा पश्चिम से विधायक रहे। वह एक बार साल 2004 से 2008 के बीच खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति राज्य मंत्री भी रहे। वह म्हाडा मुंबई डिविजन के अध्यक्ष भी रह चुके हैं।

### जीवन एक नजर

- जन्म- 1956, पटना, बिहार
- शिक्षा- बीकॉम, एमएमके कॉलेज, मुंबई
- 1977 : कांग्रेस जॉइन की
- 1980 : बांद्रा युवा कांग्रेस के बांद्रा तालुका के महासचिव
- 1981-82 : बांद्रा तालुका के अध्यक्ष
- 1988 : मुंबई युवा कांग्रेस के अध्यक्ष
- 1992 : मुंबई नगर निगम के पार्षद
- 1999 : बांद्रा वेस्ट से विधायक
- 2000 : महाराष्ट्र हाउसिंग बोर्ड के चेयरमैन
- 2004 : बांद्रा वेस्ट से दूसरी बार विधायक
- 2004-08 : खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री
- 2009 : बांद्रा वेस्ट से तीसरी बार विधायक
- 2014 : मुंबई रीजनल कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष
- 2019 : महाराष्ट्र कांग्रेस कमेटी के पार्लियामेंट्री बोर्ड के मेंबर
- 2024 : 12 फरवरी को NCP (अजित) जॉइन की



# शक्ति प्रदर्शन

## आजाद मैदान से शिंदे ने UBT पर चलाए तीर

महाराष्ट्र की राजनीति में हर साल दशहरा रैली राजनीतिक उथल-पुथल का केंद्र बनती है। इस बार भी कुछ ऐसा ही देखने को मिल रहा है। महाराष्ट्र की राजनीति के दो बड़े चेहरे आज दो अलग-अलग जगहों पर रैलियों में अपनी शक्ति का प्रदर्शन करते नजर आए। एक तरफ जहां मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे आजाद मैदान में जोरदार गरजते नजर आए, वहीं दूसरी तरफ शिवसेना यूबीटी प्रमुख और पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे शिवाजी पार्क में अपने कार्यकर्ताओं में जोश भरते नजर आए।

- एकनाथ शिंदे ने कहा कि उनकी सरकार ने दो साल में जनता के आशीर्वाद से कई सफलताएं हासिल कीं
- शिंदे ने एमवीए पर आरोप लगाया कि उन्होंने सत्ता में रहते हुए प्रदेश में विकास रोकने का काम किया

### शिंदे ने हिंदुत्व का मुद्दा उठाते हुए कहा कि 'गर्व से कहो हम हिंदू हैं' शब्द से कुछ लोगों को शर्म आती है

**दोपहर संवाददाता | मुंबई**


शिवसेना सुप्रीमो और महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने राज्य विधानसभा चुनाव से पहले शनिवार को अपने पूर्व बॉस और एसएस-यूबीटी के अध्यक्ष उद्धव ठाकरे की आलोचना करते हुए दावा किया कि उनकी पार्टी ने शिवसेना को उन लोगों से मुक्त कर दिया है जिन्होंने बाल ठाकरे के विचारों और विचारधाराओं के साथ विश्वासघात किया था। एकनाथ शिंदे ने हिंदुत्व का मुद्दा उठाकर सीधे तौर पर ठाकरे की आलोचना की है। शिंदे ने कहा कि 'गर्व से कहो हम हिंदू हैं' शब्द से कुछ लोगों को शर्म आती है। कुछ लोगों की जुबान पर अब हिंदू शब्द बोलने की बंदिश हो गई है। हीरे के पेट में कंकड़-पत्थर पैदा हो गए हैं। हमें यह कहते हुए गर्व है कि 'गर्व से कहो हम हिंदू हैं'। जब महाविकास अघाड़ी को घर भेजकर हमारी सरकार आई तो कुछ लोगों ने कहा कि सरकार 15 दिन ही चलेगी।

### दो साल में हमारी सरकार प्रिय सरकार बन गई

आजाद मैदान में हुई दशहरा सभा में एकनाथ शिंदे ने आगे कहा कि एकनाथ शिंदे महाराष्ट्र में जहां भी जाते हैं। लोग हंसते-खेलते रहते हैं। दो साल में हमारी सरकार प्रिय सरकार बन गई है। प्यारी बहनें, प्यारे भाई सरकार बन गए। बाल साहेब ने कहा था कि अन्याय मत सहो, अन्याय के विरुद्ध खड़े हो जाओ। इसलिए हमने विद्रोह कर दिया। यदि यह विद्रोह न किया गया होता तो शिवसैनिक हार गए होते। महाराष्ट्र कई साल पीछे चला गया होता। हम सत्ता में आए और हम प्रदेश को तीसरे नंबर से नंबर एक पर ले आए। हमने प्रदेश को विदेशी निवेश, महिला सशक्तिकरण, किसानों के बीमा में नंबर वन बनाया।

## बीजेपी की कौरवों से तुलना, भागवत से सवाल

**दोपहर संवाददाता | मुंबई**



शिवसेना उद्धव बाळासाहेब ठाकरे पार्टी प्रमुख उद्धव ठाकरे ने मुंबई में दशहरा रैली में बीजेपी पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि बीजेपी गोमूत्र वाली पार्टी है और उन्होंने शिवसेना को खत्म करने की कोशिश की। उन्होंने कहा कि शिवसैनिकों की वजह से ही वो आज भी खड़े हैं। ठाकरे ने कहा कि बीजेपी ने शिवसेना को खत्म करने के लिए पूरी ताकत लगा दी थी।

### एकनाथ शिंदे पर निशाना साधा

ठाकरे ने शिवाजी पार्क में अपनी पार्टी की वार्षिक दशहरा रैली को संबोधित करते हुए एकनाथ शिंदे पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि शिंदे ने अखबार में विज्ञापन दिया है जिसमें लिखा है कि 'हिंदुत्व हमारा श्वास है, मराठी हमारा प्राण है'। ठाकरे ने कहा कि शिंदे झूठ बोल रहे हैं। उन्होंने कहा कि 'हिंदुत्व हमारा श्वास है, मराठी हमारा प्राण है, अडानी हमारी जान और हम सेठ जी के श्वान'।

### क्यों खतरे में है हिन्दू?

ठाकरे ने आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत के बयान पर भी सवाल उठाए। भागवत ने कहा था कि हिंदुओं को अपनी सुरक्षा के लिए एकजुट होना होगा। ठाकरे ने पूछा कि जब 10 साल से मोदी सरकार केंद्र में है तो फिर हिंदुओं को खतरा क्यों है? उन्होंने कहा कि अगर हिंदुओं को खतरा है तो फिर मोदी किस काम के?

### बीजेपी को सबक सिखाने का समय आ गया

ठाकरे ने कहा कि जब बीजेपी को कोई पूछता नहीं था तब शिवसेना ने उनका साथ दिया। उन्होंने कहा कि अब बीजेपी को सबक सिखाने का समय आ गया है। बीजेपी की तुलना कौरवों से की उद्धव ठाकरे ने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) को आत्मचिंतन करना चाहिए कि क्या उसे आज की 'हाइब्रिड भाजपा' स्वीकार्य है।

## मराठवाड़ा में ओबीसी और मराठा का शक्ति प्रदर्शन

**दोपहर संवाददाता | मुंबई**



विधानसभा चुनाव की घोषणा से ठीक पहले महाराष्ट्र के बीड जिले में हुई दो अलग-अलग रैलियों के जरिए मराठा एवं अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) का शक्ति प्रदर्शन दिखाई दिया। एक रैली में भाजपा नेत्री पंकजा मुंडे एवं राकांपा नेता धनंजय मुंडे के साथ ओबीसी नेताओं का जमावड़ा दिखा तो दूसरी रैली में मराठा समाज को ओबीसी कोटे के तहत आरक्षण दिलवाने के लिए आंदोलन कर रहे मनोज जरांगे पाटिल मराठों को संबोधित करते दिखाई दिए। इन दोनों रैलियों के गहरे राजनीतिक अर्थ निकाले जा रहे हैं। महाराष्ट्र में मराठा और ओबीसी समाज दो बड़ी राजनीतिक शक्तियां हैं। पिछले एक साल से मराठा आंदोलनकर्ता मनोज जरांगे पाटिल सभी मराठों को कुनबी (खेतिहर मराठा) का दर्जा देकर उन्हें ओबीसी कोटे के तहत आरक्षण देने की मांग कर रहे हैं, जबकि ओबीसी समाज की तरफ से इस मांग का विरोध किया जा रहा है। मनोज जरांगे की सक्रियता के कारण ही हाल के लोकसभा चुनाव में मराठा समाज की नाराजगी का खामियाजा भाजपा एवं उसके सहयोगी दलों को उठाना पड़ा था।

## झारखंड और महाराष्ट्र चुनाव

# पिछली बार की हारी सीटों पर भाजपा कर रही ज्यादा मेहनत

### महाराष्ट्र में गठबंधनों की जोड़-तोड़ के चलते सरकार के बचाव के साथ काम

**दोपहर संवाददाता | नई दिल्ली/मुंबई**

भाजपा नेतृत्व ने झारखंड और महाराष्ट्र में पिछली बार हारी सीटों को लेकर खास रणनीति बनाई है। इन सीटों पर विरोधी दलों के विधायकों के खिलाफ माहौल है, जिसे वह भुनाने की कोशिश करेगी। हालांकि महाराष्ट्र में शिवसेना और राकांपा में टूट के बाद कई सीटों की स्थिति बदली है। वहां पर वह अपने हिस्से में आने वाली पिछली बार की हारी लगभग 65 सीटों पर नए समीकरण बना रही है। भाजपा झारखंड में विरोधी सत्तारूढ़ गठबंधन की लगभग 50 सीटों में से आधी जीतने को कोशिश कर रही है। इसके लिए भाजपा की अपनी टीम के साथ संघ के कुछ संगठन भी अपने स्तर पर मदद कर रहे हैं। झारखंड में भाजपा ने विधानसभा की 81 सीटों में से 25 जीती थी, जबकि जेवीएम को तीन व आजसू को दो सीटें मिली थीं। राज्य में भाजपा ने लगभग 50 हारी हुई सीटों के सामाजिक व राजनीतिक समीकरणों को अपने पक्ष में करने के लिए आदिवासी व गैर आदिवासी दोनों



वर्गों में अपने दूसरे राज्यों के नेताओं को भी सक्रिय किया हुआ है। इनमें बिहार, ओडिशा, पश्चिम बंगाल व छत्तीसगढ़ के नेता शामिल हैं। दूसरे राज्यों के नेता अपने सामाजिक समूहों के बीच जाने के साथ दूर दराज तक की रिश्तेदारियों के जरिये गांव-गांव संपर्क कर रहे हैं। संघ से जुड़ा वनवासी कल्याण आश्रम भी परोक्ष रूप से भाजपा की सहायता कर रहा है।


### लोकसभा चुनाव के समय से तैयारी

महाराष्ट्र में पिछली बार भाजपा व शिवसेना के गठबंधन ने 288 में से 161 सीटें जीती थीं। इनमें भाजपा की 105 सीटें शामिल थीं। बाद में गठबंधन टूट गया और अब गठबंधन सरकार में भाजपा के साथ शिवसेना का एक बड़ा धड़ा मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व में और राकांपा का बड़ा धड़ा उपमुख्यमंत्री अजित पवार के नेतृत्व में उसके साथ है। सूत्रों के अनुसार भाजपा महाराष्ट्र में लगभग 170 सीटों पर चुनाव लड़ेगी।

### पड़ोसी राज्य के नेताओं को जिम्मेदारी

महाराष्ट्र में भी भाजपा ने पड़ोसी राज्यों के नेताओं की टीम को सभी 288 सीटों पर तैनात कर रखा है। इनमें गोवा, गुजरात, मध्य प्रदेश, कर्नाटक, तेलंगाना, छत्तीसगढ़ के नेताओं को जिम्मेदारी दी गई है। हालांकि इनकी भूमिका सामाजिक संपर्क व प्रबंधन तक सीमित है।

## 'बांग्लादेशी हिंदुओं को पूरी दुनिया की मदद चाहिए'



**दोपहर संवाददाता | नागपुर**

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रमुख मोहन भागवत ने नागपुर में संघ मुख्यालय में शनिवार को विजयादशमी के अवसर पर शस्त्र पूजा की। अपनी स्पीच में भागवत ने बांग्लादेश, कोलकाता रेप-मर्डर, देश में बढ़ती हिंसक घटनाओं, इजराइल-हमास युद्ध और जुलूसों पर पथराव जैसे मुद्दों पर बात की।

संघ प्रमुख ने कहा कि बांग्लादेश में हिंदुओं पर हमला हो रहा है। वक्त की मांग यह है कि उन्हें न सिर्फ भारत, बल्कि पूरी दुनिया से मदद मिलनी चाहिए। भागवत ने कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज में ट्रेनी डॉक्टर के रेप और मर्डर पर भी बात की। उन्होंने कहा कि यह समाज की सबसे शर्मनाक घटना है। भागवत ने 2024 में संघ के स्थापना दिवस के शताब्दी वर्ष में पहुंचने पर भी चर्चा की। संघ विजयादशमी पर अपना स्थापना दिवस मनाता है। 1925 में विजयादशी के दिन डॉ. बलराम कृष्ण हेडगेवार ने इसकी शुरुआत की थी।

# पांच महीने के नवजात का अपहरण

**दोपहर संवाददाता । ठाणे**

ठाणे शहर में पांच महीने के एक नवजात के अपहरण की घटना सामने आई है। इस मामले में पुलिस ने तत्वरित कार्रवाई करते हुए अपहरण के कुछ ही घंटों के भीतर तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 137 (अपहरण) के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस इस मामले की जांच कर रही है।



## मां के साथ सो रहा था बच्चा

एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि नवजात का अपहरण ठाणे शहर के राबोडी पुल के नीचे से किया गया, जहां वो शुक्रवार देर रात अपनी मां के साथ सो रहा था। इस मामले की शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने इलाके में मौजूद सीसीटीवी फुटेज खंगाले। इसके साथ ही तकनीकी जानकारी के आधार पर पुलिस ने आरोपियों तक पहुंच बनाई और बच्चे को बचा लिया।

## ये हैं आरोपी

उन्होंने बताया कि आरोपियों की पहचान जावेद अजमत अली न्हावी (35), जयश्री याकूब नाइक (45) और सुरेखा राजेश खंडागले (34) के रूप में हुई है। प्रारंभिक जांच से पता चला है कि जावेद अजमत अली न्हावी ने कुछ साल पहले अपनी पत्नी और बच्चे को खो दिया था। वो एक महिला के साथ रहता था, जो विधवा थी। उसने बच्चे की चाहत में नवजात का अहरण किया।

# शक में पत्नी की हत्या, पति ने गला घोंटकर उतारा मौत के घाट

**दोपहर संवाददाता । ठाणे**

ठाणे से हैरान करने वाला मामला सामने आया है। जहां एक व्यक्ति ने बेवफाई के शक में पत्नी की हत्या कर दी। मामले का खुलासा तब हुआ, जब पुलिस ने जांच शुरू की। फिलहाल पत्नी की हत्या के आरोप में पति को गिरफ्तार कर लिया गया है। घटना के संबंध में जानकारी एक पुलिस अधिकारी ने शनिवार को जानकारी दी। जिसके मुताबिक ठाणे शहर के एक 29 वर्षीय व्यक्ति को अपनी पत्नी की हत्या करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। उसने अपनी पत्नी पर बेवफाई का शक जताया था। सिद्धेश्वर तालाब इलाके के निवासी भास्कर नारायण सदावर्ते ने 9 अक्टूबर को अपनी पत्नी प्रमिला (27) की गला घोंटकर हत्या कर दी थी। पुलिस प्रवक्ता शैलेश साल्वी ने बताया कि सदावर्ते पत्नी की हत्या के बाद नांदेड़ भागने की कोशिश कर रहा था। इसी दौरान पुलिस टीम ने उसे गिरफ्तार कर लिया। उसकी गिरफ्तारी ठाणे जिले के कसारा से हुई है। अधिकारी ने बताया कि पीड़िता के परिजनों ने पुलिस को बताया कि सदावर्ते ने उसकी हत्या इसलिए की, क्योंकि उसे संदेह था कि वह उसके प्रति वफादार नहीं थी। परिजनों के मुताबिक शादी के बाद से ही दोनों के बीच लड़ाई होने लगी थी। बेवफाई के शक में आए दिन सदावर्ते पत्नी से मारपीट करता था।

# RSS की शोभायात्रा के दौरान रत्नागिरी में हंगामा

## 5 आरोपियों की पहचान, दो के खिलाफ मामला दर्ज

**दोपहर संवाददाता । रत्नागिरी**

रत्नागिरी शहर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की शोभायात्रा के दौरान अल्पसंख्यक समुदाय के सदस्यों द्वारा कथित तौर पर नारे लगाए जाने के बाद तनाव व्याप्त हो गया।पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी।रत्नागिरी पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि कोंकण नगर इलाके में शुक्रवार रात हुई इस घटना के बाद पुलिस ने दो मामले दर्ज किए हैं। उन्होंने बताया हमने शिकायतों के आधार पर दो मामले दर्ज किए हैं।पांच आरोपियों की पहचान कर ली गई है और हमने उन्हें नोटिस जारी कर दिया है।अभी तक किसी को गिरफ्तार नहीं किया गया है।

## धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने का आरोप




एक अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि आरएसएस ने जब दशहरा उत्सव की पूर्व संध्या पर इलाके में शोभायात्रा (पथ संचलन) निकाली थी तो अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों ने कथित तौर ऐसे नारे लगाए जो धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाते हैं। उन्होंने बताया कि इस घटना के बाद कोई हिंसा नहीं हुई, लेकिन कल देर रात कई लोग पुलिस थाने में एकत्र हुए और घटना में शामिल लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने की मांग की।

## वक्फ बोर्ड कार्यालय का भी हुआ था विरोध

इससे पहले रत्नागिरी के शिरगांव इलाके में वक्फ बोर्ड कार्यालय के उद्घाटन पर विरोध भी देखा गया था। बीजेपी और हिंदुत्व समर्थकों ने शहर में वक्फ बोर्ड का कार्यालय बनाने का विरोध किया था। शिवसेना (शिंदे गुट) के कार्यवाहक मंत्री उदय सामंत जब नए वक्फ बोर्ड कार्यालय का उद्घाटन करने पहुंचे तो उन्हें अपनी ही पार्टी ही पार्टी के सदस्यों के कड़े विरोध का सामना करना पड़ा था।

# काम की गुणवत्ता देखने पर दिये गए निधी से समाधान मिलता है-मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे

## ठाणे में विविध परियोजनाओं का किया उद्घाटन

**दोपहर संवाददाता । ठाणे**

मनपा क्षेत्र के अंतर्गत तमाम परियोजनाओं के लिए निधी का आबंटन हुआ था।लेकिन आज काम को प्रत्यक्ष रूप से देखकर काम की गुणवत्ता को देख समाधान लग रहा है यह बात मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कहा।मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के हाथों से शुक्रवार को देर रात आनंद योग कुटीर, हँगिंग गार्डन, रघुनाथ नगर, मातोश्री गंगूबाई संभाजी शिंदे अस्पताल का विस्तारीकरण किसन नगर, स्वर्गीय इंदिराबाई बाबूराव सरनाईक अस्पताल नलपाडा, हिंदुहृदयसम्राट बालासाहेब ठाकरे आपला दवाखाना (5 जगह), नागरी आयुष्यमान स्वास्थ्य मंदिर (6जगह), मातोश्री गंगूबाई संभाजी शिंदे वरिष्ठ नंदनवन हजुरी, धर्मवीर आनंद दिघे वाचनालय व अभ्यासिका, कशिश पार्क, पुण्यश्लोक अहिल्याबाई होलकर घाट उपवन, ग्रीन यात्रा मदत से जेल तालाब पुनरुद्धार सेंट्रल मैदान, ओएनजीसी से तालाब साफसफाई के लिए मिला यांत्रिक बोट, राम मंदिर तालाब व मोघरपाडा तालाब में संगीतमय कारंजे विकास परियोजना का उद्घाटन व रहेजा के पास गार्डन का भूमिपूजन किया गया।



## क्या कहा सीएम ने ?

सीएम शिंदे ने कहा कि मुख्यमंत्री होने के बाद और उसके पहले नगरविकास मंत्री था लेकिन अब नियम में सुधार कर अधिक से अधिक योजनाओं को नागरिकों तक पहुचाने का प्रयत्न किया हूं यह बात कहा।योजना का लाभ मिले इसके लिए सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के माध्यम से 5 करोड़ लोगों को लाभ मिला है यह बात मुख्यमंत्री शिंदे ने कहा।इस अवसर पर सांसद नरेश म्हस्के,विधायक प्रताप सरनाईक,पूर्व विधायक रवींद्र फाटक,पूर्व महापौर मीनाक्षी शिंदे,पूर्व नगरसेवक राम रेपाले, एकनाथ भोईर, विकास रेपाले, नम्रता भोसले, मीनल संख्ये, परिशा सरनाईक, गुरुमुख सिंग, आयुक्त सौरभ राव, अतिरिक्त आयुक्त संदीप मालवी, प्रशांत रोडे, नगर अभियंता प्रशांत सोनाग्रा, उपायुक्त जी.जी.गोदेपूरे, उमेश बिरारी आदि उपस्थित थे।

# सिद्धेश्वर तालाब परिसर के बड़ी संख्या में राकांपा कार्यकर्ताओं ने किया शिवसेना में प्रवेश



**दोपहर संवाददाता । ठाणे**

शहर में स्थित सिध्देश्वर तालाब परिसर के शरद पवार राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता नाराज होकर टेंभी नाका में मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के हाथों से शिवसेना का झंडा पकड़कर शामिल हो गये।राकांपा के शहर जिला उपाध्यक्ष प्रल्हाद किसन पाटील ने बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं के साथ में आज शिवसेना का दामन थाम लिया।इनके साथ में कई मंडल जिसमें साई सेवा मित्र मंडल, एकता मित्र मंडल, सहकार मित्र मंडल, सिद्धेश्वर फेडरेशन व सिद्धेश्वर परिसर के राकांपा कार्यकर्ता मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के विकास कार्य को लेकर शिवसेना का भगवा झंडा हाथ में लिया।शिवसेना के ठाणे जिला संपर्कप्रमुख हेमंत पवार, शिवसेने के पूर्व नगरसेवक राजेश मोरे के उपस्थिति में शिवसेना पार्टी में शामिल हुए।इस समय वैभव मोहन पेंडणेकर , शाखाप्रमुख चंद्रकांत (गोटया )सावंत, उपविभाग प्रमुख, समीर परब, उपशहर प्रमुख कैलास राख , शाखाप्रमुख जयवंत चव्हाण , उपविभाग प्रमुख विनोद पाटेकर आदि उपस्थित थे।

# महाराष्ट्र में हम लड़ेंगे चुनाव: मदनी

**एजेंसी । मुंबई**

राष्ट्रीय उलेमा काउंसिल के अध्यक्ष मौलाना आमिर रशादी मदनी ने नारा देते हुए कहा कि गुलामी नहीं दरबार में, अब हम रहेंगे सरकार में। उन्होंने कहा कि मुसलमान का इस्तेमाल वोट बैंक के तौर पर किया जा रहा और एनडीए और इंडी गठबंधन दोनों ही ऐसा कर रही है। मुसलमानों के वोटों की जरूरत तो कई लोगों को है लेकिन मुसलमानों की पार्टियों के साथ गठबंधन या सीट शेयरिंग करने को कोई भी तैयार नहीं है। उन्होंने कहा कि मुसलमान किसी से डर के किसी को वोट दे देगा। इससे मुसलमान बाहर निकल चुका है। जिनको भ्रम है कि मुसलमान उनको वोट देगा, उनका भ्रम टूट जाएगा।

## मौलाना बोले- सेक्युलर पार्टियों के दरबार में गुलाम रहा मुसलमान



उन्होंने कहा कि मुसलमान इतने सालों तक तथाकथित सेक्युलर पार्टी की दरबार में गुलामी कर रहा था। मुसलमान को सबसे ज्यादा कांग्रेस ने परेशान किया है। उसके बाद समाजवादी पार्टी ने मुसलमान को परेशान किया। मुलायम सिंह ने सबसे पहले मुसलमान को आतंकवादी कहकर एनकाउंटर करवाया था। जब बाबरी मस्जिद का मीरान गिराया जा रहा था तो गोली वहां चलाने के बजाय मुलायम सिंह की सरकार ने वहां से 2 किलोमीटर दूर गोली चलवाई। वह भी पुलिस वालों ने अपनी आत्मरक्षा में गोली चलाई थी। उन्होंने कहा कि इस देश में 25 करोड़ मुसलमान को इग्नोर करके कोई भी पार्टी हुकूमत नहीं कर पाएगी।

## मौलाना बोले- हम लड़ेंगे महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव

मौलाना ने कहा कि कोई भी मुसलमान ऐसा मुद्दा नहीं उठाता। उनसे अच्छे तो एकनाथ शिंदे हैं, जिन्होंने मदरसा में पढ़ाने वाले शिक्षकों की सैलरी बढ़ा दी। मुसलमान को अगर महाविकास अघाड़ी 42 सीट नहीं देती है तो महाविकास अघाड़ी को बिल्कुलन भी मुसलमानों को भी वोट नहीं देना चाहिए। अपने लोगों को जिताइए। इस बार महाराष्ट्र के विधानसभा चुनाव हम लड़ेंगे। हिमाचल में 50 साल से वहां मस्जिद है। आज तक कोई समस्या नहीं हुई। भाजपा की हुकूमत में कोई समस्या नहीं थी लेकिन सुक्खू जी के सुख में प्रॉब्लम हो गया।

## मौलान बोले- मुसलमान को पक्ष में लाने का प्रयास कर रहे प्रधानमंत्री

मौलाना ने आगे कहा कि यही कारण है कि अब प्रधानमंत्री को भी मुसलमान को अपने पक्ष में लाने के लिए पशमांदा मुसलमान या बड़ा मुसलमान, छोटा मुसलमान करना पड़ रहा है। बाटला हाउस एनकाउंटर फर्जी था। एक बार इसकी जांच हो जाए तो कांग्रेस की और उनके तत्कालीन गृहमंत्री शिवराज पाटिल की बेईमानी का पर्दाफाश हो जाएगा। उन्होंने कहा कि हम मोहब्बत की दुकान यानि की भारत जोड़ो आंदोलन में शरीक हुए थे। हमें लगा था कि इन्होंने अपने गुनाहों से तौबा कर लिया है, लेकिन ऐसा हुआ नहीं है। हमारे पास कितने ऐसे मामले आए लेकिन यह बोलने को तैयार नहीं है। मिसाल के तौर पर महाराष्ट्र में लोकसभा चुनाव हुए लेकिन इन्होंने एक भी टिकट मुसलमान को नहीं दी। मुसलमानों से भर-भर के वोट लिया लेकिन आपने एक भी सीट मुसलमानों को नहीं दी तो अब मुसलमान आपको क्यों वोट दे।

## रामलीला परंपरा पर व्यवधान डालने का आरोप

# महाराष्ट्र रामलीला समिति के उपाध्यक्ष संदीप शुक्ला ने जताई नाराजगी

**एजेंसी । मुंबई**

महाराष्ट्र रामलीला समिति के उपाध्यक्ष संदीप शुक्ला ने राज्य सरकार पर वर्षों से चली आ रही रामलीला परंपरा में व्यवधान डालने का गंभीर आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि हाल ही में अखबारों में आई खबरों के बाद प्रशासन की किरकिरी हुई, जिसके चलते दक्षिण मुंबई के कुछ नेताओं ने अपने प्रभाव का इस्तेमाल करते हुए आनन-फानन में रामलीला मैदान में रावण दहन का आयोजन करवाया। संदीप शुक्ला ने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के कुछ वफादार नेताओं ने अपनी राजनीतिक ताकत का उपयोग कर यह सुनिश्चित किया कि रावण दहन सीएम के हाथों ही हो। उन्होंने कहा कि रामलीला एक दिन पहले समाप्त हो चुकी थी, और कुछ मंडलों द्वारा कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया था। लेकिन अब सरकार के दबाव में आकर



रावण दहन का आयोजन मंडल ने किया था। राम के राज्याभिषेक की परंपरा में भी विघ्न डाला गया। जो परंपरा और धार्मिक आस्थाओं के साथ खिलवाड़ है।

सीएम ने सवा आठ बजे का समय दिया गया, बताया गया की रैली समाप्त कर सीएम रावण दहन करेंगे। राम भक्त करते रहे इंतजार सीएम नही आए।


मुंबई कांग्रेस कोषाध्यक्ष संदीप शुक्ला ने कहा कि इस तरह के राजनीतिक हस्तक्षेप से धार्मिक आयोजनों की पवित्रता पर आघात होता है, राम भक्तों की भावना के साथ सरकार ने खिलवाड़ किया है।

# सरकार अनुसूचित जाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के विकास के लिए प्रतिबद्ध

**एजेंसी । मुंबई**

शिवसेना के उप नेता और पूर्व सांसद राहुल शेवाले ने कहा है कि सरकार राज्य अनुसूचित जाति आयोग को वैधानिक दर्जा देना और केंद्र से ओबीसी समुदाय की नॉन क्रिमीलियर आय सीमा 15 लाख तक बढ़ाने का अनुरोध करने जैसे महत्वपूर्ण निर्णय को लेकर पिछड़े समुदायों के विकास के लिए अपनी प्रतिबद्धता दिखाई है, ऐसा बयान राहुल शेवाले ने दिया। साथ ही उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि इस वर्ष का दशहरा रैली महायुति का विजयी संकल्प होगा और इसमें रिकॉर्ड तोड़ भीड़ होगी। शेवाले ने अनुसूचित जाति के लिए राज्य सरकार द्वारा लिये गये निर्णयों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि राज्य मंत्रिमंडल ने गुरुवार को महाराष्ट्र राज्य अनुसूचित जाति आयोग को वैधानिक दर्जा देने के लिए मसौदा अध्यादेश को मंजूरी दे दी है। वैधानिक दर्जा मिलने से अनुसूचित जाति के विकास को बढ़ावा मिलेगा। शेवाले जी ने कहा कि इन तत्वों के लिए लागू की गई योजनाओं को समर्थन मिलेगा।

# पनवेल और नांदेड़ के बीच 24 अतिरिक्त त्योहार विशेष ट्रेनें




**एजेंसी । मुंबई**

दशहरा/दिवाली/छठ पूजा त्योहारों के दौरान यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को कम करने के लिए रेलवे पनवेल और नांदेड़ के बीच 24 अतिरिक्त त्योहार विशेष ट्रेनें चलाएगा। विवरण इस प्रकार हैं।

## 07626/07625 पनवेल-नांदेड़-पनवेल द्वि-साप्ताहिक स्पेशल-(24 सेवाएं)

07626 द्वि-साप्ताहिक फेस्टिवल स्पेशल 22.10.2024 से 28.11.2024 तक प्रत्येक मंगलवार और गुरुवार को 14.30 बजे पनवेल से रवाना होगी और अगले दिन 04.30 बजे हजूर साहिब नांदेड़ पहुंचेगी। (12 सेवाएं)

07625 द्वि-साप्ताहिक फेस्टिवल स्पेशल 21.10.2024 से 27.11.2024 तक प्रत्येक सोमवार और बुधवार को 23.00 बजे हजूर साहिब नांदेड़ से रवाना होगी और अगले दिन 13.25 बजे पनवेल पहुंचेगी। (12 सेवाएं)

यात्रा के दौरान ट्रेन कल्याण, इगतपुरी, नासिक रोड, मनमाड, नागरसोल, रोटेगांव, लासूर, औरंगाबाद, जालना, परतूर, सेलु, मानवत, परभणी और पूर्णा स्टेशनों पर ठहरेगी।

ट्रेन नंबर 07626 की यात्राओं के लिए विशेष शुल्क पर बुकिंग 14.10.2024 को सभी कम्प्यूटरीकृत आरक्षण केंद्रों और वेबसाइट www.irctc.co.in पर खुलेगी।

# सेंचुरी रेयान रामलीला मैदान में रावण दहन

**दोपहर संवाददाता । उल्हासनगर**

शहाड़ में स्थित सेंचुरी रेयॉन कंपनी की ओर से विजय दशमी के उपलक्ष्य में रामलीला मैदान में छोटे पैमाने पर रावण दहन कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। असत्य पर सत्य की विजय, बुराई पर अच्छाई की जीत के साथ भगवान राम के हाथों राक्षस रावण का दहन किया गया। इसी के साथ दशहरा पर्व उल्हासनगर में बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी दशहरा बड़े सादगी के साथ मनाया गया। लोगों में भी काफी उत्साह देखने को मिला। दशहरा पर्व रविवार की शाम साढ़े 7 बजे सेंचुरी रेयान कंपनी की ओर से स्थानीय रामलीला मैदान में संपन्न हुई। इस साल रावण दहन कार्यक्रम पर कंपनी में हुए भीषण ब्लास्ट की छाप मिटी नहीं है। हादसे के कारण कंपनी द्वारा रामलीला पर रोक लगा दिया गया था जो अभी तक कायम है। रामलीला की खास बात यह है कि कंपनी में काम करने वाले कामगार व उनके बच्चों द्वारा इस रामलीला का मंचन किया जा रहा है। रामलीला देखने के लिए उल्हासनगर, कल्याण, अंबरनाथ तक के लोग भारी संख्या में लोग



उपस्थित हुए। पर पिछले साल हुए भीषण हादसे के कारण इस बार सादगी से रामलीला मनाया गया। हर वर्ष बाद पैमाने पर यह कार्यक्रम होता था। पर शाम को दूरदराज से आनेवाले भीड़ को मैदान में घुसने नही दिया गया। उन्हें शाम साढ़े 7 बजे मैदान में जाने दिया।उसके उपरांत राम लीला का मंचन शुरू हुआ और राम द्वारा रावण का वध किया गया।इतना ही नही दशमी मेले में मैदान के आस पास सैकड़ों की संख्या में घरेलू सामान, बच्चों के खेल खिलौने ,खाने के समान की बिक्री होती हैं। सेंचुरी रेयान मैदान के बाहर लगा दशमी का यह मेला लोगों को गांव की एक बार याद दिला देती हैं। आर.बी.सिंह के मार्गदर्शन में चलने वाले इसरामलीलामें रावण का रोल पिछले 32 सालों से देवनाथ तिवारी निभा रहे हैं वही राम- सूरज तिवारी,लक्ष्मण- करण दुबे,सीता- रोहित मंडल,हनुमान- रविन्द्र सिंह,मेघनाथ/अविनाश उपाध्याय,लालजी दुबे, गुरु वशिष्ठ विनोद पांडे के अलावा अन्य लोग कई वर्षों से मुख्य भूमिका निभा रहे है। इस मौके पर मुख्य अतिथि कंपनी के हेड यूनिटदिग्विनाय पांडे,गोरे साहब उपस्थित थे।

सेंचुरी रेयान कामगार कल्याण केंद्र के चलने वाले रामलीलाको सफल बनाने में कामगारों के परिवार का काफी योगदान रहता है।

# एक 57 साल की महिला की चाकू से गोदकर हत्या

**एजेंसी । मुंबई**

जलगांव शहर में एक 57 साल की महिला की चाकू से गोदकर हत्या कर दी गई है। महिला की जिस समय हत्या हुई उस समय वह घर पर अकेली थी। महिला के पति की दुकान घर के पास ही है। घटना की जानकारी होते परिवार के पैरों तले जमीन खिसक गई। हत्या के बाद घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के भेज दिया है। साथ ही पुलिस ने परिवार की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी



है। जलगांव शहर में अपराध की घटनाएं कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। एक के बाद एक कई अपराध की घटनाएं रोज लोगों के सामने आ रही हैं। रणछोड़ नगर इलाके के पंचमुखी हनुमान मंदिर के पीछे रहने वाली एक 57 साल की महिला की हत्या बेरहमी से सिर में चाकू गोदकर की गई है। मृतक महिला की पहचान सुवर्णा राजेश नवल के रूप में हुई है। महिला की जिस समय हत्या हुई उस समय वह घर पर अकेली थी।

## लहूलुहान हालत में मिला शव

मृतक महिला के पति राजेश नवल की दाना बाजार में राशन की दुकान है। गुरुवार को वह दुकान पर गया हुआ था, जब वह दुकान से लौट कर वापस घर आया तो उसने जो देखा कि उसकी पत्नी जमीन पर लहूलुहान हालत में पड़ी हुई थी। पति ने तुरंत घटना की जानकारी पुलिस को दी, जिसके बाद आनन-फानन में पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचने के बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं, पुलिस ने मामले में मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। घटना की जानकारी मिलते ही अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अशोक नखाते, उपविभागीय पुलिस अधिकारी संदीप गावित, एलसीबी पुलिस निरीक्षक बबन अवाद, एमआईडीसी पुलिस निरीक्षक दत्तात्रेय निकम सहित कई पुलिस अधिकारियों ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। सुवर्णा की हत्या से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट गया हैं। घटना के बाद से ही पूरे इलाके में दहशत का माहौल है।

# दो बजे दोपहर

पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है

अनमोल विचार | शिक्षा सबसे शक्तिशाली हथियार है : जॉन आर. कॉमन्स




न्यूज़ ब्रीफ

## मुंबई में ऑनलाइन धोखाधड़ी



### 10 लोग गिरफ्तार, डेढ़ करोड़ की ठगी का आरोप

दोपहर संवाददाता | मुंबई

मुंबई पुलिस की साइबर सेल ने शनिवार को देश के विभिन्न हिस्सों से दस लोगों को गिरफ्तार किया। आरोप है कि इन लोगों ने मिलकर पांच अलग-अलग मामलों में लोगों से 1.47 करोड़ रुपये की ऑनलाइन धोखाधड़ी की। एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी।

अधिकारी के मुताबिक, पीडितों को एक फिनटेक कंपनी के जरिए शेयर बाजार में निवेश करने का झांसा दिया गया। इसके बाद इनका पैसा हवाला चैनलों और धोखाधड़ी से बनाए गए बैंक खातों में भेजा गया।

गिरफ्तार किए गए आरोपियों में जयेश उन्नी (34 वर्षीय), अरबाज समीर खान (26 वर्षीय) और शैलेश पुरुषोत्तमदास पटेल (53 वर्षीय) नवी मुंबई से हैं। वहीं, अजित कुमार सुखदेव करचे (51 वर्षीय) मलाड से, अमित राम सिंह (43 वर्षीय) दिल्ली से, हितेश सुरत सिंह (29 वर्षीय) हरियाणा से और नितिन चेंड्वांकर (47 वर्षीय), राजेश सोनवणे (51 वर्षीय) व उदय साल्वी मुंबई से हैं।

सभी आरोपियों को पुलिस हिरासत में रखा गया है। ऑनलाइन ठगी के मामलों की जांच की जा रही है। पुलिस का कहना है कि यह ऑनलाइन धोखाधड़ी का एक बड़ा जाल हो सकता है और इससे जुड़े अन्य लोगों की भी तलाश की जा रही है।

## मुंबई पुलिस ने 4 सांप तस्करों को किया गिरफ्तार



**मुंबई।** मुंबई पुलिस की एक टीम ने रेड सैंड बोआ सांप के अवैध व्यापार में शामिल चार लोगों को गिरफ्तार किया है। रेड सैंड बोआ एक रेपटाइल है जिसे अक्सर मेडिसीनल या काले जादू के से लिए इस्तेमाल जाता है। पुलिस ने तस्करों को तब पकड़ा जब उनका एक अधिकारी, एक कस्टमर की वेश में सांप खरीदने के बहाने उनसे संपर्क में आया। तस्करी की गुप्त सूचना के आधार पर कफ परेड पुलिस स्टेशन के असिस्टेंट इंस्पेक्टर अमित देवकर के नेतृत्व में ऑपरेशन शुरू किया गया था। हेड कांस्टेबल प्रशांत सावंत ने रूपेश जैन नाम के एक गुजराती व्यापारी के रूप में तस्करों से संपर्क किया। अधिकारी ने केवल तीन दिनों में भाषा सीखी और आरोपी से संभावित खरीदार के रूप में डील पक्की कर ली। लेन-देन को असली दिखाने के लिए, सावंत ने विक्रेताओं के साथ दो बार मोलभाव भी की। हालांकि, जब आरोपी सांप लेकर पहुंचे, जिसकी कीमत बाजार में 30 लाख रुपये थी, तो पुलिस ने अपनी योजना के अनुसार चार तस्करों को गिरफ्तार कर लिया।

अधिकारी अब एक अन्य संदिग्ध माइकल की तलाश कर रहे हैं, जिसने बिचौलिए के रूप में काम किया और तेलंगाना के विक्रेताओं को मुंबई के खरीदारों से कनेक्ट किया।

# पार्टी विरोधी गतिविधियों पर कांग्रेस सख्त

### सुलभा खोडके को छह साल के लिए किया निष्कासित

दोपहर संवाददाता | मुंबई

महाराष्ट्र में अगले कुछ महीनों में विधानसभा के चुनाव होने वाले हैं। चुनाव से पहले आंतरिक क्लेश और पार्टी विरोधी गतिविधियां कांग्रेस के लिए बड़ी चुनौती के तौर है। जिसके लिए महाराष्ट्र कांग्रेस ने एक अहम कदम उठाते हुए चुनाव से पहले अपनी सख्ती दिखाई है। कांग्रेस ने पार्टी विरोधी गतिविधियों में शामिल अमरावती की विधायक सुलभा खोडके को छह साल के लिए पार्टी से निष्कासित कर दिया है।



### नाना पटोले ने जारी किया बयान

सुलभा खोडके को निष्कासित करने के बाद महाराष्ट्र कांग्रेस प्रमुख नाना पटोले ने बयान जारी कर कहा कि खोडके के खिलाफ पार्टी के खिलाफ काम करने की कई शिकायतें मिली थीं। उन्हें निलंबित करने का निर्णय पार्टी के महाराष्ट्र प्रभारी रमेश चेन्निथला के निर्देश पर लिया गया है। इसके साथ ही सूत्रों की माने तो अमरावती विधायक सुलभा खोडके के पति राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) नेता एवं उपमुख्यमंत्री अजीत पवार के करीबी सहयोगी हैं। इस आधार पर कयास लगाए जा रहे है कि खोडके अजित पवार नीत राकांपा में शामिल हो सकती हैं।

### MLC चुनाव में खोडके ने की थी क्रॉस वोटिंग

बता दें कि सुलभा खोडके उन सात विधायकों में से एक थीं, जिन्होंने इस साल की शुरुआत में महाराष्ट्र विधान परिषद चुनाव के दौरान क्रॉस वोटिंग की थी। जिसके कारण विपक्षी गठबंधन महा विकास आघाडी के संयुक्त उम्मीदवार और पीडब्ल्यूपी नेता जयंत पाटिल को हार का सामना करना पड़ा था।

### राज्य में दो गठबंधन के बीच चुनावी मुकाबला

महाराष्ट्र में अगले कुछ महीनों में होने वाले विधानसभा चुनाव में एक तरफ सत्तारूढ़ गठबंधन महायुति है, जिसमें बीजेपी, एकनाथ शिंदे की शिवसेना और अजित पवार की एनसीपी शामिल है। तो दूसरी महा विकास अघाड़ी है, जिसमें कांग्रेस, उद्धव गुट की शिवसेना और शरद पवार की एनसीपी शामिल है।

## मुंबई में भारी बारिश और आंधी-तूफान की भी चेतावनी

दोपहर संवाददाता | मुंबई

मुंबई का एक बार फिर से मौसम बदल गया है। मौसम विभाग ने शनिवार को भारी बारिश, आंधी तूफान और तेज हवाओं के चलने का पूर्वानुमान जताया है। मौसम विभाग ने कहा है कि मुंबई में शनिवार की रात या फिर शाम से लेकर रविवार की सुबह साढ़े आठ बजे तक भारी बारिश हो सकती है। इसके अलावा, आंधी तूफान, बिजली कड़कने, तेज हवाओं के चलने का भी अलर्ट है। मौसम विभाग ने मुंबई के लिए यलो अलर्ट भी जारी किया है।



### मानसून की वापसी

मुंबई में भारी बारिश के लिए मौसम विभाग के अधिकारियों ने मॉनसून की वापसी को जिम्मेदार ठहराया। आईएमडी ने शनिवार के लिए अपने अलर्ट को हरे (हल्की बारिश) से बढ़ाकर पीले रंग में कर दिया। मालूम हो कि देशभर से इन दिनों मॉनसून की विदाई हो रही है। ज्यादातर राज्यों से मॉनसून वापस जा चुका है, लेकिन कुछ इलाकों से अभी दो-तीन दिनों में वापस हो जाएगा। ऐसे में मुंबई में भी भारी बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। गुरुवार रात को भी मुंबई में तेज बरसात और बिजली कड़कने की गतिविधियां देखने को मिली थीं। इससे पहले, गुरुवार को सुबह 8 बजे से रात 9 बजे के बीच मुंबई में केवल 5 मिमी बारिश दर्ज की गई, जबकि बृहन्मुंबई नगर निगम (BMC) के स्वचालित मौसम स्टेशन के रिकॉर्ड से पता चला कि रात 9 बजे से 10 बजे के बीच एक घंटे के भीतर, शिवरी में 70 मिमी, वडाला (69 मिमी), वर्ली (62 मिमी) और दादर (60 मिमी) में भारी बारिश दर्ज की गई। इस बीच, पश्चिमी उपनगरों में, बांद्रा में सबसे अधिक 65 मिमी बारिश हुई, उसके बाद मलाड (63 मिमी) और सांताक्रूज़ (49 मिमी) का स्थान रहा। अचानक हुई तेज बारिश के कारण हिंदमाता जैसे निचले इलाकों में जलभराव हो गया। हालांकि देर रात बारिश की तीव्रता कम हो गई।

## 'बैलेट बॉक्स के जरिए यह बदला लेने का समय'



### दशहरे पर गरजे राज ठाकरे

**मुंबई।** महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना के प्रमुख राज ठाकरे ने दशहरे के मौके पर जोरदार भाषण दिया। उन्होंने मतदाताओं से आगामी चुनावों को अपने भविष्य पर नियंत्रण करने के अवसर के रूप में लेने की गुहार लगाई। उन्होंने इस उत्सव के अवसर को राजनीतिक परिवर्तन का सही समय बताया और और महाराष्ट्र के लोगों से 'शमी के पेड़ से हथियार हटा लेने' की सीधी अपील की, जो युद्ध के लिए तैयार होने का प्रतीकात्मक संदर्भ है। उन्होंने कहा कि यह पॉलिटिकल क्लास से बदला लेने का वक्त है जो बरसों से उन्हें हल्के में लेता रहा है।

### पॉडकास्ट के जरिए लोगों को किया संबोधित

पॉडकास्ट के जरिए लोगों को संबोधित करते हुए राज ठाकरे ने कहा, 'आज दशहरा है और यह साल के सबसे शुभ दिनों में से एक है। मैं आप सभी को हार्दिक शुभकामनाएं देता हूं। इस दिन हम पारंपरिक रूप से सोने के प्रतीक के तौर पर शमी के पेड़ की पत्तियों का आदान-प्रदान करते हैं। मगर, वर्षों से महाराष्ट्र की असली संपत्ति लूट ली गई है जबकि हम इन पत्तियों को आपस में बांटने में लगे हैं। अब ऐक्शन लेने का समय है।' उन्होंने कहा कि सत्तारूढ़ राजनीतिक दल वास्तविक प्रगति देने में विफल रह हैं। ठाकरे ने नागरिकों से अपील की कि आगामी चुनावों में वे आत्मसंतुष्ट न हों। राज ठाकरे ने कहा, 'सड़कें और फ्लाईओवर का निर्माण करना वास्तविक प्रगति नहीं है। मोबाइल फोन और गैजेट्स होने से विकास नहीं हो जाता है। सच्ची प्रगति तो सामूहिक तौर पर समाज के उत्थान से होगी। इतने बरसों के बाद भी, हम राजनीतिक वर्ग के झूठे वादों में फंसे हुए हैं और अभी भी अंधेरे में टटोल रहे हैं।

## एक बार फिर लटक सकता है LBS रोड फ्लाइओवर का काम

दोपहर संवाददाता | मुंबई

एलबीएस रोड पर बनने वाले फ्लाइओवर पर एक बार फिर से ग्रहण लगता दिखाई दे रहा है। ब्रिज निर्माण की सारी कागजी प्रक्रिया पूरी होने के बावजूद निर्माण कार्य शुरू नहीं हो सका है। अचार संहिता लगने के पहले यदि फ्लाइओवर का निर्माण कार्य शुरू नहीं किया गया तो नई सरकार बनने तक इसका इंतजार करना पड़ेगा। जानकारी के अनुसार महानगर पालिका ने कुर्ला कल्पना टॉकीज से घाटकोपर के आर सिटी माल तक साढ़े चार किमी लंबा फ्लाइओवर बनाने का निर्णय लिया है। ब्रिज के लिये 700 करोड़ की निधि देने की तैयारी की गई है। घाटकोपर में लालबहादुर शास्त्री मार्ग के बगल में ही नेवी का भंडारण गृह है। सुरक्षा की दृष्टि से इस फ्लाईओवर को लेकर नेवी और महानगरपालिका ने आपत्ति दर्ज कराई थी जिस वजह से इसका निर्माण का काम रुक गया था।



### ब्रिज निर्माण को लेकर रास्ता साफ

बाद में महानगरपालिका के अधिकारियों, संबंधित विभाग एवं नौसेना के अधिकारियों की कई बैठकें हुई जिसके बाद ब्रिज निर्माण का रास्ता साफ हो गया। इस लेकर टेंडर प्रक्रिया भी पूरी हो चुकी है और अब केवल निर्माण कार्य शुरू होना बाकी है जो अभी तक नहीं हुआ है। विधानसभा चुनाव होने से पहले ही ब्रिज निर्माण कार्य शुरू होने का अंदाजा लगाया गया था, लेकिन अब ऐसा लगता है कि चुनावी सरगर्मी में आचार संहिता की वजह से एक बार फिर फ्लाइओवर का काम लटक सकता है।

### फ्लाईओवर ट्रैफिक जाम से देगा राहत

यह फ्लाइओवर कुर्ला कमानी से सीधे आर सिटी माल तक बनाया जाएगा। ये फ्लाईओवर बीच में श्रेयस सिग्नल, अंधेरी जोगेश्वरी लिंक रोड एवं घाटकोपर पूर्व से वेस्ट में सीजीएस कॉलोनी तक बनने वाले केवल ब्रिज को भी कनेक्ट करेगा, जिससे मुलुंड के अलावा अंधेरी आने जाने वालों को भी सहूलियत होगी। बता दें कि कुर्ला से घाटकोपर एलबीएस रोड आरसीटी माल तक ट्रैफिक जाम के कारण लोगों आने-जाने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है।

## पत्नी का पहले गला रेता और फिर किया सरेंडर

### मीरा रोड में दिल दहलाने वाली वारदात




**मीरा-भाईंदर।** मुंबई के मीरा-रोड में एक दिल दहलाने वाली घटना घटी। नया नगर में रहने वाले नदीम ने चाकू से गला रेतकर पत्नी आमरीन की हत्या कर दी। यह घटना शुक्रवार की दोपहर 1 बजे घटी। आमरीन को अस्पताल में भर्ती किया गया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। पत्नी की हत्या करने के बाद आरोपी नदीम ने पुलिस स्टेशन में जाकर सरेंडर कर दिया।

### क्या है मामला?

बताया जा रहा है कि नदीम और आमरीन में पारिवारिक विवाद चल रहा था। आमरीन विगत डेढ़-दो साल से नदीम से अलग रह रही थी। दोनों की दो संतान हैं, 12 वर्ष की लड़की और 2 वर्ष का लड़का। आमरीन ने अपने बेटे की कस्टडी की मांग को लेकर न्यायालय का दरवाजा खटखटाया था। लगभग साल भर की न्यायिक लड़ाई के बाद अदालत ने आमरीन के पक्ष में फैसला दिया। लेकिन नदीम बच्चे की कस्टडी देने में आनाकानी कर रहा था। गुरुवार को आमरीन पुलिस के साथ बच्चे की कस्टडी के लिए नदीम के घर पहुंची थी, लेकिन वहां ताला लगा था।

### चाकू से किया हमला

शुक्रवार को आमरीन जब मीरा-रोड के एक स्कूल में पढ़नेवाली बेटी को लाने गई, वहां अचानक से नदीम पंहुच गया और उसने चाकू से उस पर हमला कर दिया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, नदीम ने चाकू से आमरीन की गर्दन पर कई बार हमला किया था, जिससे उसकी मौत हो गई।

### हत्या के बाद भागा नहीं नदीम

नया नगर पुलिस के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक विलास सुपे ने बताया कि हत्या के बाद नदीम ने भागने की कोशिश नहीं की। शुक्रवार की नमाज के कारण परिसर में पुलिसकर्मियों की उपस्थिति थी। घटना के बारे में जानकारी मिलते ही पुलिस ने नदीम को गिरफ्तार कर लिया। नदीम के खिलाफ बीएनएस की धारा 103 के तहत हत्या का मामला दर्ज़ किया गया है। बताया जा रहा है कि न्यायालय ने बच्चे की कस्टडी के संबंध में अगस्त में ही आदेश दे दिया था। शुक्रवार को विधायक गीता जैन नया नगर परिसर में सीसीटीवी का उद्घघाटन करने वाली थीं। आमरीन भी उनसे मिलने की आस में शुक्रवार को पुलिस स्टेशन पहुंची थी।


## बीएमसी ने लोखंडवाला के एक जंक्शन को दिया 'श्रीदेवी चौक' का नाम

**मुंबई।** बॉलीवुड फिल्म एक्ट्रेस श्रीदेवी का साल 2018 में निधन हो गया था। उन्हें श्रद्धांजलि और उनको सम्मान देने के लिए अब मुंबई के लोखंडवाला के एक जंक्शन को 'श्रीदेवी चौक' का नाम दिया गया जाएगा। ये फैसला बीएमसी और स्थानीय लोगों ने लिया है। वहीं 12 अक्टूबर को इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया था, जिसमें उनके पति बोनी कपूर समेत उनके परिवार को आमंत्रित किया गया। श्रीदेवी इस रोड पर ग्रीन एकर्स टावर में रहती थी।




## 44 लाख की कोकीन और सिरप बरामद

### केन्याई नागरिक और दो अन्य गिरफ्तार



**मुंबई।** मुंबई पुलिस के मादक पदार्थ रोधी प्रकोष्ठ द्वारा तीन स्थानों पर छापेमारी के बाद एक केन्याई नागरिक और दो अन्य को कथित तौर पर मादक पदार्थ रखने के आरोप में गिरफ्तार किया गया। एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि तीनों की पहचान केन्याई नागरिक रिचर्ड कोमे, अरबाज उर्फ जब्बार और इमरान के रूप में की गई है। उन्होंने कहा, 'हमने जोगेश्वरी, गोवंडी और बांद्रा में छापे मारे। हमने कोमे से 44.40 लाख रुपये मूल्य की 110 ग्राम कोकीन जब्त की। बांद्रा से अरबाज को गिरफ्तार किया गया, जिससे 2.38 लाख रुपये मूल्य की सिरप की बोतलें बरामद कीं। इसके बाद हमने गोवंडी से इमरान को पकड़ा जिसके पास से 49,000 रुपये मूल्य की सिरप की शीशियां बरामद की गईं।'

## मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने किया छेड़ा नगर फ्लाईओवर का उद्घाटन



**मुंबई।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने शनिवार को मुंबई में छेदा नगर फ्लाईओवर का उद्घाटन किया। फ्लाईओवर का उद्देश्य ईस्टर्न एक्सप्रेस हाईवे पर छेदा नगर चौराहे पर यातायात की भीड़ को कम करना है।


**Change Of Name**

I have changed my name sahil Azad Jaiswal to sahil Azad Jaiswar as per Maharashtra government gazette no. (M-24226626) On dated oct 10-16, 2024.



**मध्य रेल**

**वार्षिक रखरखाव का कार्य**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए प्रतिष्ठित ठेकेदारों से खुली ई-निविदा वेबसाइट **www.ireps.gov.in** के माध्यम से आमंत्रित की जाती हैं। **कार्य का विवरण:** मुंबई मंडल में फ़्लड लाइट और हाइ मास्ट टावरों का वार्षिक रख रखाव का कार्य तीन साल की अवधि के लिये करने हेतु। **निविदा सूचना क्र. 35/2024 (BB.LG.W. KYN.2024.07). कार्य की औसत लागत:** रु. 1,58,05,249/-. **ई.एम.डी.:** रु. 2,29,000/-. **निविदा पत्र का मूल्य:** रु. 5,000/-. **वैधता:** 60 दिन. **अनुरक्षण अवधि:** 36 माह (अनुरक्षण). **अनुदेश:** (1). उपर्युक्त निविदा की बंद होने की तिथि एवं समय 11.11 2024 को 13.00 बजे और उसी दिन 13.00 बजे बाद खोली जाएगी। (2) निविदाकर्ताओं से अनुरोध है कि निविदा के सम्पूर्ण विवरण एवं शुवद्धिपत्र, यदि कोई हो तो, की अधिक जानकारी के लिए वेबसाइट **www.ireps.gov.in** को देखें। (3) निविदाकर्ता वेबसाइट **www.ireps.gov.in** के माध्यम से केवल ऑनलाइन निविदा में भाग ले सकते हैं एवं मेनुअल रूप से निविदा स्वीकार नहीं की जाएगी। (4) आगे की अधिक जानकारी के लिए वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (सामान्य सेवा) मध्य रेल, एनेक्स बिल्डिंग, प्रथम तल, मुंबई छ.शि.म.ट. - 400001 से संपर्क कर सकते हैं। (5) यह निविदा, सार्वजनिक खरीद नीति आदेश 2017 दिनांक 15 :06.2017 का अनुपालन करती है। 465

रेल्वे फाटक को बंद स्थिति में पार करना मना है



**मध्य रेल**

**सामग्री प्रबंधन विभाग**

**ई-खरीद विज्ञापन निविदा सूचना. सं. ई- 41/2024, दिनांक. 11-10-2024**

| निविदा सं. | आइटम विवरण | मात्रा | खुलने की तारीख |
|---|---|---|---|
| 27243404 | डिफरेंशियल गेज | 361 नग | 29-10-24 |
| 27244665 | पैंटोग्राफ के लिए बो असेंबली | 87 नग | 29-10-24 |
| 42241380 | M/s KBIL मेक लेवलिंग वाल्व के लिए POH किट | 2847 सेट | 04-11-24 |
| 38243303 | जनरेटर कार साइड-2 के लिए सेकेंडरी स्प्रिंग (बाहरी) | 151 नग | 05-11-24 |
| 80242243 | लुब्रिकेटिंग ऑयल प्रीमियम ब्लू पार्ट CI4 PLUS15W40 | 67620 लिटर | 05-11-24 |
| 42240013 | लॅबरिंथ सीलिंग रिंग | 221 नग | 06-11-24 |
| 42241188 | POH रिप्लेसमेंट किट | 45 सेट | 07-11-24 |
| 43244047 | उच्च क्षमता वाला इंटर व्हेहिक्युलर कपलर | 42 सेट | 11-11-24 |
| 18242212 | HHP लोकोमोटिव के लिए उच्च घर्षण संरचना ब्रेक ब्लॉक | 8152 नग | 12-11-24 |
| 42241476 | एयर फ़िल्टर | 7188 नग | 13-11-24 |
| 42240002 | पंखा (ट्रांसमीटर व्हील) | 42 नग | 18-11-24 |

विस्तृत सूचना एवं निविदा शर्तें वेबसाइट **www.ireps.gov.in** से देखी एवं डाउनलोड की जा सकती हैं।

**प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक /सीएसएमटी** 464

रेल्वे फाटक को बंद स्थिति में पार करना मना है



**मध्य रेल**

**विभिन्न कार्य**

भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से उप मुख्य इंजीनियर/ पुल लाइन/ मुख्यालय, मध्य रेल, जी.एम बिल्डिंग, दूसरा माला, छशिमट मुंबई- 400001. ई- प्रावण वेबसाइट **http://www.ireps.gov.in** पर ई -बोली आमंत्रित करते है।

| क्र. सं. | टेंडर नोटीस संख्या व दिनांक | कार्य का विवरण | औसत लागत ई.एम.डी. (रुपये) | समापन अवधि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | सी.आर.बि.आर. एम.एम.आर 112024-2025 दिनांक 10.10.2024 | नागपुर डिवीजन के आमला-नागपुर सेक्शन पर ब्रिज नंबर 982/1. तीसरी लाइन. ब्रिज नंबर 973/1, तीसरी लाइन, ब्रिज नंबर 1003/1, तीसरी लाइन और बडनेरा-नागपुर सेक्शन पर ब्रिज नंबर 807/1, तीसरी और चौथी लाइन पर PSC ट्रैक गर्डर की एपॉक्सी पेंटिंग | 47,50,697.78 और 95000 (ई.एम.डी.) | 09 महीने (मानसून अवधि बिना) |
| 2 | सी.आर.बि.आर. एम.एम.आर 122024-2025 दिनांक 10.10.2024 | पुणे-मिरज-कोल्हापुर सेक्शन पर ब्रिज नंबर 85/1, 132/1, 155/2, 192/1, 258/1 और लोनंद-फलटन सेक्शन पर ब्रिज नंबर 2/1, 6/1, 7/4, 16/1, 210 पर PSC और RCC ट्रैक गर्डर की एपॉक्सी पेंटिंग | 59,29,150.46 और 1,18,600 (ई.एम.डी.) | 09 महीने (मानसून अवधि बिना) |
| 3 | सी.आर.बि.आर. एम.एम.आर 132024-2025 दि. 10.10.2024 | सोलापुर मंडल के विभिन्न सेक्शन पर ट्रैक गर्डर पुलों, ROB और RH गर्डरों की पेंटिंग। | 38,77,890.20 और 77,600 (ई.एम.डी.) | 12 महीने (मानसून अवधि बिना) |
| 4 | सी.आर.बि.आर. एम.एम.आर 142024-2025 दि. 10.10.2024 | भुसावल डिवीजन के इगतपुरी-भुसावल सेक्शन पर गोदावरी पुल संख्या 193/1 UP और DN की बेड प्लेटों के प्रतिस्थापन का प्रस्ताव। | 36,75,814.87 और 73,500 (ई.एम.डी.) | 09 महीने |
| 5 | सी.आर.बि.आर. एम.एम.आर 152024-2025 दि. 10.10.2024 | नागपुर मंडल के विभिन्न सेक्शन पर ओपन वेब गर्डर और सेमी थ्रू गर्डर पुलों में क्रॉस गर्डर सुरक्षा शीट के लिए एंटी-करोसिव सुरक्षा शीट प्रदान करना (07 ब्रिज)। | 10,97,468.45 और 22,000 (ई.एम.डी.) | 09 महीने |

**निविदा दस्तावेज़ की कीमत - NIL**

निविदा बंद होने की तारीख तथा समय: **11.11.2024 at 15.00 Hrs.**

उपरोक्त ई प्रावण निविदा सूचना का विस्तृत जानकारी वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। ई-बोली के प्रारूप के अलावा अन्य प्रारूप में भेजी गई बोलियां उपरोक्त निविदा के अंतर्गत स्वीकार नहीं की जाएगी।

कार्यकारी अभियंता/पुल लाईन/मुख्या

रेल्वे फाटक को बंद स्थिति में पार करना मना है 466

दो बजे दोपहर



संपादकीय

# महंगाई की फिक्र

ऐसे वक्त में जब भारतीय बाजार त्योहार की रंगत में रंगने लगे हैं और कारोबारियों को बेहतर कारोबार की उम्मीद है, भारतीय रिजर्व बैंक महंगाई को लेकर फिक्रमंद है। उसे चिंता है कि महंगाई बढ़ी तो त्योहार की रौनक प्रभावित हो सकती है। तभी मौद्रिक नीति की घोषणा करते वक्त केंद्रीय बैंक ने रेपो दर को यथावत बनाये रखा है। बहरहाल, ये आने वाला वक्त बताएगा कि रिजर्व बैंक किस हद तक महंगाई पर नियंत्रण रखने में सफल हो पाता है। दरअसल, केंद्रीय बैंक का लक्ष्य है कि महंगाई की दर को चार फीसदी से नीचे रखी जाए। चिंता जतायी जा रही है कि आने वाले दो वर्ष में यह दर चार फीसदी से ऊपर रह सकती है। जब दो साल पहले खुदरा महंगाई की दर सात फीसदी के करीब पहुंच गई थी तो केंद्रीय बैंक ने मौद्रिक उपायों से महंगाई पर काबू पाने का प्रयास किया। बैंक ने धीरे-धीरे रेपो दर में वृद्धि की थी। फिलहाल छह बार की बढ़ोतरी से फिलहाल इस दर में करीब ढाई फीसदी की वृद्धि हो चुकी है। अब महंगाई बढ़ने की फिक्र में केंद्रीय बैंक ने दसवीं बार रेपो दर को यथावत रखा है। जो फिलहाल साढ़े छह फीसदी है। दरअसल, बैंक का आकलन है कि आने वाले दो वर्षों में महंगाई की दर चार फीसदी से ऊपर रह सकती है। केंद्रीय बैंक यदि उद्यमियों के दबाव के बावजूद बैंक दरों में कमी नहीं कर रहा है तो उसकी वजह महंगाई की फिक्र में थमे कदम हैं। बैंक का आकलन है कि यदि हम महंगाई की दर को अपने लक्ष्य चार फीसदी से कम लाने में कामयाब हो जाते हैं तो देश की विकास दर के ऊंचे लक्ष्य हासिल किये जा सकते हैं। इतना ही नहीं, विकास दर दो अंकों का आंकड़ा छू सकती है। वैसे जिस तरह कोविड संकट से उबरती दुनिया को रूस-यूक्रेन युद्ध के बाद पश्चिम एशिया के संकट से जूझना पड़ रहा है, भारत उससे अपनी अर्थव्यवस्था को बचाने में कामयाब रहा है। यह एक हकीकत है कि जहां दुनिया के अन्य विकसित देश मंदी के संकट से जूझ रहे हैं, भारत मंदी के दुष्प्रभाव से अर्थव्यवस्था को बचा पाया है। निस्संदेह, हमारी मौद्रिक नीतियां आर्थिकी को स्थायित्व प्रदान करने में किसी हद तक सफल रही हैं। यही वजह है कि संवेदनशील आर्थिकी के वैश्विक परिदृश्य में केंद्रीय बैंक ने मौद्रिक नीतियों में बदलाव से परहेज किया है। निस्संदेह, भारत इस समय दुनिया में तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में शुमार है। इस स्थिति को बनाए रखने के लिये खासी सावधानी भी जरूरी है। लेकिन ऊंची रेपो दर का नुकसान देश के उन उपभोक्ताओं को उठाना पड़ रहा है, जो घर-वाहन लोन की ईएमआई कम होने की उम्मीद लगाए बैठे हैं। हालांकि, देश के बुजुर्गों को बचत खाते में अधिक ब्याज मिलने से लाभ जरूर हो रहा है। लेकिन महंगाई का प्रभाव तो समाज के हर वर्ग पर पड़ रहा है। वहीं थोक व फुटकर की महंगाई के आंकड़े भले ही इसके कम होने की बात कर रहे हों, लेकिन व्यवहार में फल-सब्जी व खाद्य पदार्थों की महंगाई उपभोक्ताओं के बजट को प्रभावित कर रही है। दूसरी ओर कर्ज लेने वाले लोगों को बढ़ी किस्तें भी परेशान कर रही हैं। कारोबारी और कामकाजी लोग काफी समय से आस लगाए बैठे थे कि यदि रिजर्व बैंक रेपो दरों में कुछ कमी करता है तो ऋण सस्ते होने से उनके कर्ज की किस्त कुछ हल्की हो जाएगी। लेकिन महंगाई की चिंता कर रहा केंद्रीय बैंक ऐसे किसी कदम को उठाने से परहेज कर रहा है। लेकिन एक बात तो तय है कि महंगाई दर में कमी के दावों का अहसास आम आदमी को भी होना चाहिए। सरकार को स्पष्ट करना चाहिए कि महंगाई के आंकड़ों पर काबू पाने का वास्तविक लाभ आम उपभोक्ता को कैसे और कब मिलेगा। कोशिश की जानी चाहिए कि त्योहार के मौसम में आम आदमी को दैनिक उपभोग की वस्तुएं मसलन खाद्यान्न, सब्जी-फल, डेरी उत्पाद व खाद्य तेल वाजिब दामों में मिले। तभी महंगाई पर नियंत्रण के सरकारी दावे सिरे चढ़ सकेंगे।

# ज़ाकिर के जरिये खेल करने की ताक में पाक

पुष्परंजन

आप एक टिकट में दो पिक्चर देखिये। मलेशिया के प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम 3 अक्तूबर, 2024 को पाकिस्तान पहुंचे, और इसके ठीक तीन दिन पहले, 30 सितम्बर को इंडिया का मोस्ट वांटेड ज़ाकिर नाइक राजकीय अतिथि के रूप में पंद्रह दिनों के वास्ते पाकिस्तान आता है और पीएम शाहबाज शरीफ से मिलता है। अनवर इब्राहिम और शाहबाज़ शरीफ ने जो साझा प्रेस कॉन्फ्रेंस की, उसमें ज़ाकिर नाइक का ज़िक्र नहीं था। बल्कि इसका अहद किया गया कि मांस, चावल और पाम ऑयल के आयात सहित व्यापार और कृषि प्रौद्योगिकी के सभी क्षेत्रों में सहयोग बढ़ेगा, और दोनों देश आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), डिजिटल और सेमीकंडक्टर जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों के माध्यम से कुशल श्रमिक क्षेत्र में भी उभयपक्षीय सहयोग करेंगे।

अगस्त, 2024 के तीसरे हफ्ते मलेशिया के प्रधानमंत्री अनवर बिन इब्राहिम तीन दिवसीय भारत दौरे पर भी आये थे। मोदी-इब्राहिम मुलाक़ात का मुख्य फोकस व्यापार और निवेश का विस्तार करना और सेमीकंडक्टर के क्षेत्र में सहयोग तलाशना था। लेकिन, ज़ाकिर नाइक की पूरी नज़र थी कि भारत उसके प्रत्यर्पण की मांग न कर दे। उस अवसर पर उग्रवाद को कैसे काबू करें, उसपर दोनों नेताओं ने चिंता व्यक्त की थी, लेकिन प्रत्यक्ष रूप से ज़ाकिर नाइक के प्रत्यर्पण का सवाल तब भी उठा नहीं था।

ज़ाकिर नाइक पाकिस्तान क्यों, और किसलिए आया है, यह बीच बहस नहीं है। इधर भारत में भी अख़बारों, सत्ता को सलाम करने वाले चैनलों में यह केवल छोटी सी ख़बर बनकर रह गई है। लेकिन खेल बड़ा है, जिसे समझने में समय लग सकता है। पाकिस्तान को ज़ाकिर नाइक की ज़रूरत क्यों आन पड़ी? और क्या ज़ाकिर नाइक अब अपना ठिकाना शिफ्ट करने वाला है? दो बड़े सवाल हैं।

ज़ाकिर नाइक अपने बेटे शेख़ फ़रीक़ नाइक के साथ पाकिस्तान आया हुआ है। डॉ. नाइक का स्वागत प्रधानमंत्री के युवा कार्यक्रम के अध्यक्ष राणा मशहूद ने एयरपोर्ट पर किया था। ज़ाकिर नाइक कराची में ज्ञान बांट चुका। 12-13 अक्तूबर को लाहौर में, और इस्लामाबाद में 19-20 अक्तूबर को प्रवचन देगा। ज़ाकिर नाइक ने शुक्रवार को कराची में पत्ते खोले कि सितम्बर, 2019 के आखिरी सप्ताह पीएम मोदी का एक दूत पुत्रजया आया, और प्रस्ताव दिया कि यदि मैं 370 खारिज किये जाने का समर्थन करूंगा, तो भारत आने के वास्ते 'सेफ पैसेज' दिया जायेगा। ढाका आतंकी हमले के बाद, 10 जुलाई 2016 को बांग्लादेश में पीस टीवी बैन कर दिया गया।

21 अप्रैल, 2019 को श्रीलंका में ईस्टर बम धमाकों के लिए ज़िम्मेदार समूह नेशनल तौहीद जमात के नेता ज़हरान हाशिम ने ज़ाकिर नाइक की प्रशंसा करते हुए श्रीलंकाई मुसलमानों से पूछा था, कि वे उनके लिए क्या कर सकते हैं। लगभग 260 लोगों की जान लेने वाले आतंकी हमलों के बाद, श्रीलंका ने भी जाकिर नाइक के पीस टीवी के प्रसारण पर प्रतिबंध लगा दिया। 'हेट क्रिमिनल' ज़ाकिर नाइक के पीस टीवी चैनल पर भारत, कनाडा, बांग्लादेश, श्रीलंका और ब्रिटेन में प्रतिबंध है। लेकिन बांग्लादेश से ताज़ा अपडेट है कि वहां का शासन, 'पीस टीवी' के प्रसारण को दोबारा से चालू करने पर विचार कर रहा है। जून, 2009 से पाकिस्तान में 'पीस टीवी उर्दू' लोग देख रहे हैं। ज़ाकिर नायक के चाहने वाले बांग्लादेश में माहौल बनायें, इस वास्ते दोबारा कोशिशें वाया पाकिस्तान शुरू हो गई हैं।



इस बार भारत-पाकिस्तान के बीच कूटनीति के दरवाज़े 'खुल जा सिमसिम' हो रहे हैं। मरियम नवाज़ ने बुधवार को कहा था, 'दोनों पंजाब में पराली जलाने की समस्या है, भारत-पाक को अब पर्यावरण कूटनीति की ज़रूरत है।' ज़ाकिर नाइक को इंडिया अच्छा लगने लगा है। पाक एयरपोर्ट पर उतरते उसे भारतीय एयरलाइंस की याद आई जो अतिरिक्त सामान के पैसे माफ़ कर दिया करता था। 15-16 अक्तूबर को शंघाई कोऑपरेशन ऑर्गेनाइज़ेशन की बैठक के वास्ते एस जयशंकर यदि पाकिस्तान में होते हैं, मोस्ट वांटेड ज़ाकिर नाइक का प्रत्यर्पण क्या करा पाएंगे? यह प्रश्न शायद उन्हें असहज करे। दरअसल, ज़ाकिर नाइक डिप्लोमेसी की रहस्यमय बिसात का वैसा मोहरा है, जिसे ज़रूरत के हिसाब से रखा-लुढ़काया जाता है। मलेशिया में शरिया और सरकार के बीच द्वंद्व का माहौल है। मलेशिया, सलाफ़ीवादियों या वहाबियों के क़ब्ज़े में 1980 से ही है। इनके संरक्षक सऊदी, यमनी और कुवैती हैं।

2018 में महाथिर मोहम्मद आये भी सलाफियों के समर्थन से। मलेशिया में मुफ़्ती असरी ज़ैनल आबिदीन के प्रभाव के कारण सलाफ़ीवाद ताक़तवर बना है, जिसे राजशाही, स्थानीय राजनेताओं, मस्जिद नेटवर्क और विवादास्पद उपदेशक ज़ाकिर नाइक सरीखे विदेशी संरक्षकों से समर्थन मिलता है।

मलेशिया, कठमुल्लों को कैसे काबू करे, यह मौजूदा सरकार के लिए भी बड़ी चुनौती बन चुकी है। लेकिन इसका बीजारोपण सत्ताधारियों का ही किया हुआ है। जब ज़ाकिर नायक को 2016 में भारत से मलेशिया पलायन करना पड़ा, उस समय मोहम्मद नजीब अब्दुल रज्जाक सत्ता में थे। 2018 में महाथिर मोहम्मद जब सत्ता में आये, भारत के विरोध के बावजूद उन्होंने ज़ाकिर नाइक को परमानेंट रेजिडेंट का दर्जा दे दिया। पुत्रजया के जिस मस्जिद में ज़ाकिर नाइक नमाज़ पढ़ाते, वहां हर जुमे को प्रधानमंत्री महाथिर मोहम्मद जाते। महाथिर मोहम्मद के बाद मुहईद्दीन मोहम्मद यासीन, इस्माइल साबरी याक़ूब, और अनवर इब्राहिम प्रकारांतर से सत्ता में आये, और ज़ाकिर नाइक ने उन्हें भी अपने आईने में उतार लिया।

ख़ैर, इस समय ज़ाकिर नाइक की हेट स्पीच पाकिस्तान में महंगाई, ग़रीबी, बेरोज़गारी से ध्यान हटाने में कामयाब हो रही है। संभव है शाहबाज़ शरीफ इस 'धार्मिक मिसाइल' को अपनी सियासत के लिए इस्तेमाल करें। इस्लाम के हवाले से हेट गुरु ज़ाकिर नाइक ने टटका बयान दिया, 'जिन लड़कियों के पास शादी के लिए कोई ऑप्शन नहीं है, मेरे विचार से दो ऑप्शन हैं उनके लिए। पहला ऑप्शन यह है, कि वो ऐसे मर्द से शादी करे, जिसकी बीवी ऑलरेडी है।

दूसरा ऑप्शन यह है कि वो 'बाज़ारी औरत' बन जाये। मैं इंग्लिश में इसे बोलता हूं, 'पब्लिक प्रॉपर्टी'। इससे बढ़िया शब्द नहीं है। अब आप कल्पना कीजिये, ज़ाकिर नाइक जैसा जाहिल, और ज़हरीला 'मेहमान' पंद्रह दिनों में पाकिस्तान की सोच को कितना गंदा कर चुका होगा। यह दुखद और शर्मनाक है!

जीवन मंत्र

# पूर्ण शांति कहीं नहीं मिल सकती

भगवान हिरण को लेकर भेड़िये के पास पहुंचे तो भेड़िये ने कहा, 'कभी-कभी तो हाथी मुझसे ज्यादा ताकतवर हो जाता है।' इसके बाद हिरण हाथी के पास पहुंचा और पूरी बात बताते हुए कहा, 'अगर मैं तुम्हारी तरह ताकतवर बन जाऊं तो कैसा रहेगा?'

पंचतंत्र में मनुष्य और पशु-पक्षियों से संबंधित कई कहानियां बताई गई हैं। इन कहानियों में पशु-पक्षियों के माध्यम से बड़ी-बड़ी शिक्षाएं भी दी गई हैं। ऐसे ही एक हिरण को अपनी कमजोरियों पर बड़ा दुख हो रहा था। हिरण ने तप करके भगवान को प्रसन्न किया। भगवान हिरण के सामने प्रकट हुए और बोले, 'तुम क्या चाहते हो?'

हिरण ने कहा, 'मैं ताकतवर बनना चाहता हूं।' भगवान ने कहा, 'किसकी तरह? 'हिरण बोला, 'भेड़िये की तरह बना दो।'भगवान हिरण को लेकर भेड़िये के पास पहुंचे तो भेड़िये ने कहा, 'कभी-कभी तो हाथी मुझसे ज्यादा ताकतवर हो जाता है।' इसके बाद हिरण हाथी के पास पहुंचा और पूरी बात बताते हुए कहा, 'अगर मैं तुम्हारी तरह ताकतवर बन जाऊं तो कैसा रहेगा?'

हाथी ने कहा, 'शेर मुझ पर आक्रमण कर देता है। वह सबसे अधिक ताकतवर है, जंगल का राजा है।' इसके बाद हिरण शेर के पास पहुंच गया। डरते-डरते हिरण ने शेर



से कहा, 'क्या मैं आपके जैसा ताकतवर बन जाऊं? भगवान मेरे साथ हैं और पूछ रहे हैं कि मुझे किसके जैसा शक्तिशाली बनना है।'

हिरण की बात का शेर ने कोई उत्तर नहीं दिया। हिरण ने भगवान से पूछा, 'शेर ने कोई जवाब क्यों नहीं दिया?'

तब भगवान हिरण को लेकर इंसानों की दुनिया में आ गए। वहां हिरण को सर्कस में दिखाया कि शेर-हाथी पिंजरे में बंद हैं और खेल दिखा रहे हैं। हिरण को ये देखकर समझ आया कि सबसे बड़ा बलवान तो इंसान है। उसने भगवान से कहा, 'मुझे तो आप इंसानों की तरह बना दीजिए।'

ये बात सुनकर भगवान हिरण को लेकर एक पागलखाने पहुंच गए। यहां भी इंसान ही हैं, इन्हें अपने इंसान होने का मतलब ही नहीं मालूम है। ये उदास हैं, अशांत हैं और विक्षिप्त हैं। इस संसार में पूर्ण शांति किसी को भी नहीं मिलती है। अपने से ऊपर देखोगे तो बेचैन हो जाओगे। अपने से नीचे देखोगे तो समझ जाओगे कि जो जहां है, वह वहीं श्रेष्ठ होता है, इसलिए नकल करना बंद करो।'

जानवर, इंसान और भगवान की ये कहानी हमें सीख दे रही है कि श्रेष्ठता हमारे अंदर ही है। हम उस श्रेष्ठता का उपयोग अपनी इच्छा के अनुसार कर सकते हैं।

-पं. विजयशंकर मेहता

जीवन ऊर्जा


जॉन आर. कॉमन्स : जन्म 13 अक्टूबर, 1862

जन्म

# दुनिया बदलने के लिए शिक्षा सबसे शक्तिशाली हथियार है

जॉन आर. कॉमन्स एक प्रभावशाली अमेरिकी अर्थशास्त्री और समाज सुधारक थे। श्रम अर्थशास्त्र और सामाजिक नीति में उनके योगदान के लिए जाने जाते हैं, उन्होंने सामूहिक कार्रवाई और सरकारी हस्तक्षेप के महत्व पर जोर दिया। उनके काम ने संयुक्त राज्य अमेरिका में श्रम अधिकारों पर महत्वपूर्ण प्रभाव डाला। जॉन आर. कॉमन्स का जन्म 13 अक्टूबर, 1862 को हुआ था और उनका निधन 11 मई, 1945 को हुआ था।

हमारे सभी आविष्कारों में सबसे महान आविष्कार समय का आविष्कार है। महत्वपूर्ण बात यह है कि सवाल करना बंद न करें। लंबे समय में हम उससे अधिक नहीं पाते जिसके लिए हम लड़ने को तैयार हैं। हर समस्या समायोजन की समस्या है। सबसे मजबूत प्रजाति जीवित नहीं रहती, न ही सबसे बुद्धिमान, बल्कि परिवर्तन के प्रति सबसे अधिक संवेदनशील प्रजाति जीवित रहती है। जीने का मतलब है दुख सहना, जीवित रहना दुख में कुछ अर्थ खोजना है। भविष्य की भविष्यवाणी करने का सबसे अच्छा तरीका इसे बनाना है। विकास के चरित्र में ही हमें सुखद और अप्रिय दोनों अनुभवों से सीखना चाहिए। हमें रुककर उन लोगों का धन्यवाद करने के लिए समय निकालना चाहिए जो हमारे जीवन में बदलाव लाते हैं। तत्परता



की भावना के बिना, इच्छा अपना मूल्य खो देती है। हमारे धन का वास्तविक माप वह है जिसे हम अपना 'आत्मा का धन' कहेंगे। पूर्ण आर्थिक सत्य जैसी कोई चीज नहीं है। भविष्य उनका है जो अपने सपनों की सुंदरता में विश्वास करते हैं। सफलता खुशी की कुंजी नहीं है। खुशी सफलता की कुंजी है। भविष्य की भविष्यवाणी करने का सबसे अच्छा तरीका उसके लिए योजना बनाना है। शिक्षा सबसे शक्तिशाली हथियार है जिसका उपयोग आप दुनिया को बदलने के लिए कर सकते हैं। हर सफलता की कहानी में, आपको कोई ऐसा व्यक्ति मिलेगा जिसने साहसी निर्णय लिए हैं। हम आज, अभी जो कुछ भी करते हैं, उसका हमारे सभी कलों पर एक संचित प्रभाव होगा। संदेह विश्वास के विपरीत नहीं है; यह विश्वास का एक तत्व है। ऐसा व्यवहार करें जैसे कि आप जो करते हैं उससे फर्क पड़ता है। ऐसा होता है। हजारों मील की यात्रा एक कदम से शुरू होती है। घड़ी को मत देखो; जो करती है वही करो। चलते रहो। अभी तुम्हारे भीतर वह सब कुछ है जो तुम्हें दुनिया की किसी भी चुनौती से निपटने के लिए चाहिए। इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि तुम कितनी धीमी गति से चलते हो, जब तक तुम रुकते नहीं हो।

सर्वसिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ बिजाना शाजापुर मध्य प्रदेश



# ॐ कार का अर्थ एवं महत्त्व

ॐ अ+उ+म+ अर्ध तन्मात्रा ॐ का अ कार स्थूल जगत का आधार है। ऊकार सूक्ष्म जगत का आधार है । म कार कारण जगत का आधार है । अर्ध तन्मात्रा (ँजो इन तीनों जगत से प्रभावित नहीं होता बल्कि तीनों जगत जिससे सत्तास्फूर्ति लेते हैं फिर भी जिसमें तिलभर भी फर्क नहीं पड़ताउस परमात्मा का द्योतक है।

ॐ आत्मिक बल देता है ॐ के उच्चारण से जीवनशक्ति उर्ध्वगामी होती है इसके सात बार के उच्चारण से शरीर के रोग के कीटाणु दूर होने लगते हैं एवं चित्त से हताशमनकीनिराशा भी दूर होतीहै यही कारण है कि ऋषिमुनियों ने सभी मंत्रों के आगे ॐ जोड़ा है शास्त्रों में भी ॐ की बड़ी भारी महिमा गायी गयी है।

भगवान शंकर का मंत्र हो तो ॐ नमः शिवाय भगवान गणपति का मंत्र हो तो ऊ गणेशाय नमःभगवान राम का मंत्र हो तो ॐ रामाय नमः ।श्री कृष्ण मंत्र हो तो ॐ नमो भगवते वासुदेवाय



माँ गायत्री का मंत्र हो तो ॐ भूर्भुवः स्वः तत्सवितुर्वरेण्यं भर्गोदेवस्य धीमहि धियो यो नः प्रचोदयात्। इस प्रकार सब मंत्रों के आगे ॐ तो जुड़ा ही है।

पतंजलि महाराज ने कहा हैतस्य वाचकः प्रणवः ॐ प्रणव परमात्मा का वाचक है उसकी स्वाभाविक ध्वनि है। ॐ के रहस्य को जानने के लिए कुछ प्रयोग करने के बाद रूस के वैज्ञानिक भी आश्चर्यचकित हो उठे उन्होंने प्रयोग करके देखा कि जब व्यक्ति बाहर एक शब्द बोले एवं अपने भीतर दूसरे शब्द का विचार करे तब उनकी सूक्ष्म मशीन में दोनों शब्द अंकित हो जाते थे उदाहरणार्थबाहर के क कहा गया हो एवं भीतर से विचार ग का किया गया हो तो क और ग दोनों छप जाते थे। यदि बाहर कोई शब्द न बोलेकेवल भीतर विचार करे तो विचारा गया शब्द भी अंकित हो जाता था । किन्तु एकमात्र ॐ ही ऐसा शब्द था कि व्यक्ति केवल बाहर से ॐ बोले और अंदर दूसरा कोई भी शब्द विचारे फिर भी दोनों ओर का ॐ ही अंकित होता थाअथवा अंदर ॐ का विचार करे और बाहर कुछ भी बोले तब भी अंदरबाहर का ॐ ही छपता था।

सिख धर्म में भी एको ओंकार सतिनामुकहकर उसका लाभ उठाया जाता है सिख धर्म का पहला ग्रन्थ है जपुजी और जपुजी का पहला वचन है एको ओंकार सतिनामु।



**पंडित कैलाशचंद्र शर्मा**
वैदिक सनातन संस्कृति के प्रचारक व सर्व सिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ के संस्थापक।
मो. नं. 9425980556

प्रेरक प्रसंग

## सबसे बड़ी मूर्खता

एक जंगल में बारहसिंगा रहता था। उसे अपने खूबसूरत सींगो पर बहुत ही ज्यादा घमंड था। जब पानी पीते हुए अपनी परछाई देखता तो सोचता, ' मेरे सिंग कितने सुंदर है, पर मेरी टांगे कितनी भद्दी है। उस दिन जंगल में शिकारी आए । जब उन्होंने सुंदर सिंगो वाले बरहसिंगा को देखा तो उसे पकड़ने के लिए दौड़े। बारहसिंगा बहुत तेजी से दौड़ता हुआ शिकारियों को बहुत पीछे छोड़ दिया। तभी अचानक उसके सिंग एक पेड़ के शाखाओ में अटक गए। बारहसिंगा अपने सिंग निकालने के लिए बहुत मेहनत कर रहा था। काफी समय से जोर लगाने के बाद भी वह सिंग पूरी तरह से अटके हुए थे तब तक शिकारी और भी करीब आ जाता है। कैसे भी कर कर वह अपने सिंग निकालने में कामयाब हो जाता है। अब सुरक्षित स्थान पर पहुंचकर वह सोचने लगा, मैं कितना बड़ा मुर्ख हु।

आज सिंग के कारण मारा जाता और पैरो के कारण आज बच पाया। इंसान के पास जो भी है उससे खुश होना चाहिए।

## कंजूस आदमी

एक नगर में आनंद नाम का बहुत ही धनवान व्यक्ति रहता था। आनंद जितना धनवान था उतना ही कंजूस भी था। उसने अपने पुत्र मोहन को भी अपने जैसा कंजूश बना रखा था। जीवन भर कंजूस की जिंदगी जीने के बाद जब आनंद की मृत्यु हो गयी तो उसने मरकर कुत्ते की योनि में जन्म लिया। एक दीन वह अपने मनुष्य जन्म के पुत्र मोहन के मकान के सामने से गुजरा। तब उसे पूर्व जन्म की स्मृति हुई। उसे लगा की अरे यह तो मेरा ही घर है मेरी ही संपत्ति है मेरा ही पुत्र है, यह सोचते हुए वह कुत्ता बेधड़क उस घर में घुस गया और रसोई में जाकर भोजन को खाने लगा। बर्तनों की आवाज सुनकर दूसरे कमरे में बैठे मोहन को संदेह हुआ। वह रसोई घर में पंहुचा और देखा की एक कुत्ता भोजन को खा रहा है। मोहन को उस कुत्ते के दुस्साहस पर हुस्सा आया, उसने लाठी उठाई और उस कुत्ते की खूब पिटाई की। पिटाई इतनी हुई की कुत्ते की कमर ही टूट गयी, अब वह न तो भाग पा रहा और ना हि चल पा रहा था। तब उसे अपने पूर्व जन्म के आचरण और अपने बेटे के परवरिश पर पछतावा हुवा। कहानी का तात्पर्य यह की मनुष्य मेरा पुत्र मेरा धन करके इतराता रहता है, जब मनुष्य अपने खुद का नहीं हो सकता तो धन और पुत्र वो कहा तक साथ देंगे।

शख्सियत | अशोक कुमार

# भारतीय सिनेमा के अग्रदूत



13 अक्टूबर 1911 को बिहार के भागलपुर में जन्मे अशोक कुमार भारतीय सिनेमा के एक महान व्यक्ति थे। उनका असली नाम कुमुदलाल गांगुली था। वे एक ऐसे परिवार से थे, जिसकी कलात्मक पृष्ठभूमि बहुत मजबूत थी; उनके भाई किशोर कुमार भी एक प्रसिद्ध अभिनेता और गायक थे। अशोक कुमार ने शुरू में कानून के क्षेत्र में अपना करियर बनाया, लेकिन जल्द ही उन्हें अभिनय में अपना जुनून मिल गया।

अशोक कुमार ने 1934 में फिल्म झब्बा से अपने फ़िल्मी करियर की शुरुआत की। हालाँकि, अछूत कन्या (1936) में उनकी भूमिका ने उन्हें पहचान दिलाई। जटिल किरदारों को निभाने और उनकी स्वाभाविक अभिनय शैली ने उन्हें इंडस्ट्री में अलग पहचान दिलाई। इन वर्षों में, वे हिंदी सिनेमा के एक प्रमुख अभिनेता बन गए, जो अपनी बहुमुखी प्रतिभा और अपने काम के प्रति समर्पण के लिए जाने जाते हैं।


अपने पूरे करियर के दौरान, अशोक कुमार ने कई हिट फ़िल्मों में अभिनय किया, जिनमें किस्मत (1943) भी शामिल है, जो एक बड़ी सफलता रही और उन्हें एक प्रमुख अभिनेता के रूप में स्थापित किया। उन्हें महल (1949), हावड़ा ब्रिज (1958) और छोटी सी बात (1976) जैसी क्लासिक फिल्मों में उनकी भूमिकाओं के लिए जाना जाता था। महल में उनके अभिनय को विशेष रूप से इसकी शानदार कहानी और मुख्य किरदार के उनके चित्रण के लिए याद किया जाता है, जिसने उनके अभिनय कौशल को प्रदर्शित किया।

अशोक कुमार ने अपने करियर के दौरान कई पुरस्कार प्राप्त किए, जिसमें भारतीय सिनेमा में उनके आजीवन योगदान के लिए 1988 में प्रतिष्ठित दादा साहब फाल्के पुरस्कार भी शामिल है। एक अग्रणी अभिनेता और फिल्म उद्योग में एक प्रिय व्यक्ति के रूप में उनकी विरासत बेजोड़ है। अभिनय के अलावा, अशोक कुमार ने निर्माण और निर्देशन में भी कदम रखा। उन्होंने अपने अंतिम वर्षों तक फिल्मों में काम करना जारी रखा। अशोक कुमार का 10 दिसंबर, 2001 को निधन हो गया, लेकिन भारतीय सिनेमा में उनका योगदान प्रभावशाली बना हुआ है, जिसने अभिनेताओं और फिल्म निर्माताओं की पीढ़ियों को प्रेरित किया है। विभिन्न प्रकार के चरित्रों को चित्रित करने की उनकी अद्वितीय क्षमता यह सुनिश्चित करती है कि उन्हें हमेशा भारतीय फिल्म इतिहास के महानतम लोगों में से एक के रूप में याद किया जाएगा।

यह अखबार "माध्यम कार्पोरेट सर्विसेज लि. " के लिए प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक अरुणलाल द्वारा ग्राउंड फ्लोर, ऑफिस नं. 2, के. के. चैम्बर्स, पुरुषोत्तमदास ठाकरदास रोड, फोर्ट, मुंबई- 400001 से प्रकाशित एवं सोमानी प्रिंटिंग प्रेस, गाला नं. 4, एन.के.इंडस्ट्रियल इस्टेट, इनसाइड प्रवासी इंडिस्ट्रयल इस्टेट गेट नं. 2, गोरेगांव पू., मुंबई-63 से मुद्रित। फोन नं. 022-66555719 ईमेल : indiagroundreport@gmail.com कार्यकारी संपादक : राजा आदाटे (पी.आर.बी. अधिनियम के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार)।

# मजेदार AI टूल जिन्हें जरूर आजमाना चाहिए

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) सिर्फ़ हाई-टेक रिसर्च या व्यावसायिक उद्देश्यों के लिए नहीं है; यह मनोरंजन और रचनात्मकता का भी एक बेहतरीन स्रोत है। आज, AI टूल हर किसी के लिए उपलब्ध हैं, जो आपकी रचनात्मकता को बढ़ाने, नए कौशल सीखने और यहां तक कि कार्यों को सरल बनाने के मजेदार तरीके प्रदान करते हैं। चाहे आप कला बनाना चाहते हों, कहानियाँ लिखना चाहते हों या गेम खेलना चाहते हों, ये AI-संचालित टूल अनंत संभावनाएँ प्रदान करते हैं। यहाँ 10 मजेदार AI टूल दिए गए हैं जिन्हें आपको आजमाना चाहिए।






## 1. DALL•E 2

DALLE 2, जिसे OpenAI ने विकसित किया है, एक AI टूल है जो टेक्स्ट प्रॉम्प्ट के आधार पर शानदार इमेज बनाता है। आप विवरण टाइप कर सकते हैं और DALLE 2 उससे मेल खाने वाली इमेज बनाएगा। चाहे आप "चांद की रोशनी में साइकिल चलाती बिल्ली" या "मंगल ग्रह पर भविष्य का शहर" देखना चाहते हों, DALLE 2 आपके विचारों को जीवंत कर सकता है। परिणाम अक्सर आश्चर्यजनक और रचनात्मक होते हैं, जो इसे कलाकारों, डिज़ाइनरों या विज़ुअल स्टोरीटेलिंग के साथ मज़ा लेने वाले किसी भी व्यक्ति के लिए एक शानदार टूल बनाता है।



## 2. Runway ML

रनवे एमएल एक एआई टूल है जो उपयोगकर्ताओं को आसानी से वीडियो, चित्र और एनिमेशन बनाने में सक्षम बनाता है। यह कई तरह के मशीन लर्निंग मॉडल प्रदान करता है जो आपको वीडियो संपादन, स्टाइल ट्रांसफर और यहां तक कि 3D मॉडल बनाने के साथ प्रयोग करने देते हैं। रनवे एमएल शुरुआती और पेशेवरों के लिए एआई-संचालित रचनात्मकता का पता लगाना आसान बनाता है। आप इसका उपयोग वीडियो क्लिप को स्टाइल वाले एनिमेशन में बदलने या सरल रेखाचित्रों से पूरी तरह से नई कलाकृतियां बनाने के लिए कर सकते हैं।

## 3. AIVA (AI कंपोजर)

AIVA (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस वर्चुअल आर्टिस्ट) एक AI टूल है जो मूल संगीत बनाता है। अगर आप कभी संगीत बनाना चाहते थे, लेकिन यह नहीं जानते थे कि कहाँ से शुरू करें, तो AIVA आपको साउंडट्रैक, शास्त्रीय संगीत या यहाँ तक कि इलेक्ट्रॉनिक बीट्स बनाने में मदद कर सकता है। आप स्टाइल, टेम्पो और मूड को कस्टमाइज़ कर सकते हैं और AIVA एक पूर्ण-लंबाई वाली रचना तैयार करेगा। चाहे आप प्रेरणा की तलाश में संगीतकार हों या फिर सिर्फ़ AI द्वारा जनरेट किए गए संगीत की दुनिया को एक्सप्लोर करना चाहते हों, AIVA इसमें गोता लगाने का एक मज़ेदार तरीका प्रदान करता है।

## 4. DeepArt

अगर आप कभी अपनी तस्वीरों को पेंटिंग में बदलना चाहते हैं, तो DeepArt आपके लिए एक बेहतरीन टूल है। यह AI टूल किसी भी इमेज को वैन गॉग या पिकासो जैसे मशहूर कलाकारों की शैली में बदलने के लिए न्यूरल नेटवर्क का इस्तेमाल करता है। बस एक तस्वीर अपलोड करें, आर्ट स्टाइल चुनें और देखें कि DeepArt आपकी तस्वीर को मास्टरपीस में कैसे बदल देता है। यह आपकी तस्वीरों को एक क्रिएटिव ट्विस्ट देने और अलग-अलग कलात्मक शैलियों के साथ प्रयोग करने का एक मज़ेदार तरीका है।

## 5. Talk to Transformer

GPT-3 द्वारा संचालित Talk to Transformer एक AI टूल है जो प्रॉम्प्ट के आधार पर टेक्स्ट जेनरेट करता है। आप एक वाक्य इनपुट कर सकते हैं और AI आपके लिए कहानी, कविता या लेख लिखना जारी रखेगा। यह कंटेंट बनाने, विचारों पर मंथन करने या यहां तक कि किरदारों के लिए अनोखे संवाद बनाने का एक मनोरंजक तरीका है। यह टूल प्रेरणा की तलाश कर रहे लेखकों या AI कैसे इंसान जैसा टेक्स्ट जेनरेट कर सकता है, इस बारे में जानने के लिए उत्सुक लोगों के लिए बहुत बढ़िया है।

## 6. AI Dungeon

AI Dungeon AI द्वारा संचालित एक इंटरैक्टिव स्टोरीटेलिंग गेम है। खिलाड़ी अपने खुद के एडवेंचर और इनपुट कमांड चुन सकते हैं, और AI उनकी पसंद के आधार पर अनूठी कहानियाँ और प्लॉटलाइन तैयार करेगा। चाहे आप किसी काल्पनिक खोज पर निकलना चाहते हों या विज्ञान-फाई ब्रह्मांड की खोज करना चाहते हों, AI डंगऑन अनंत संभावनाएँ प्रदान करता है। गेम आपके इनपुट के अनुसार ढल जाता है, जिससे प्रत्येक कहानी अलग और दिलचस्प बन जाती है। यह उन लोगों के लिए एकदम सही है जिन्हें कहानी सुनाना पसंद है और जो खुद को रोमांच की दुनिया में डुबोना चाहते हैं।

## 7. Replika

Replika एक AI चैटबॉट है जिसे साथी और दोस्त बनने के लिए डिज़ाइन किया गया है। पारंपरिक चैटबॉट के विपरीत, रेप्लिका आपकी बातचीत से सीखता है और समय के साथ अपना व्यक्तित्व विकसित करता है। आप रेप्लिका से किसी भी चीज़ के बारे में बात कर सकते हैं—चाहे आप तनाव महसूस कर रहे हों, विचार साझा करना चाहते हों, या बस किसी से चैट करने की ज़रूरत हो। यह AI-संचालित बातचीत का पता लगाने और एक ऐसा डिजिटल साथी बनाने का एक मज़ेदार तरीका है जो आपके लिए अद्वितीय है।

## 8. Artbreeder

Artbreeder एक AI टूल है जो आपको इमेज बनाने और मॉर्फ करने की अनुमति देता है, विशेष रूप से पोर्ट्रेट और लैंडस्केप। आप एक इमेज से शुरू कर सकते हैं और चेहरे के भाव, बालों का रंग और बैकग्राउंड जैसी सुविधाओं को समायोजित करके पूरी तरह से नए चरित्र या दृश्य बना सकते हैं। यह टूल विभिन्न तत्वों को मिलाने और बनाने के लिए AI का उपयोग करता है, जो इसे कलाकारों, डिजाइनरों या किसी भी ऐसे व्यक्ति के लिए एकदम सही बनाता है जो उन्नत कौशल की आवश्यकता के बिना नेत्रहीन आश्चर्यजनक सामग्री बनाना चाहता है।

## 9. LyricStudio

LyricStudio महत्वाकांक्षी गीतकारों के लिए एक AI-संचालित लिरिक जनरेटर है। चाहे आप पॉप, रॉक या कंट्री म्यूजिक लिखना चाहते हों, यह टूल आपके द्वारा चुनी गई थीम या शैली के आधार पर सुझाव और विचार प्रदान करके आपको लिरिक्स तैयार करने में मदद करता है। आप इसका उपयोग राइटर ब्लॉक को दूर करने या नई गीत लेखन तकनीकों का पता लगाने के लिए कर सकते हैं। लिरिकस्टूडियो संगीतकारों और कवियों के लिए एक मजेदार टूल है जो अपने काम में रचनात्मक प्रेरणा की तलाश कर रहे हैं।

## 10. Wombo AI

Wombo AI AI एक मज़ेदार और मजेदार टूल है जो आपकी सेल्फी को गायन एनिमेशन में बदल देता है। बस अपनी या किसी दोस्त की फोटो अपलोड करें, कोई गाना चुनें और वोम्बो AI आपके इमेज का एक वीडियो तैयार कर देगा जिसमें आप संगीत के साथ लिप-सिंकिंग करेंगे। यह सोशल मीडिया पर मजेदार वीडियो शेयर करने या दोस्तों के साथ हंसी-मजाक करने के लिए बहुत बढ़िया है।

# हम्पी के मंदिर और महल

## जहां पत्थर भी बोलते हैं

कर्नाटक राज्य में स्थित हम्पी यूनेस्को की विश्व धरोहर स्थल है और इतिहास, संस्कृति और प्रकृति से भरपूर एक जादुई जगह है। यह कभी भारत के सबसे बड़े और सबसे धनी साम्राज्यों में से एक विजयनगर साम्राज्य की राजधानी थी। आज, यह एक लोकप्रिय पर्यटन स्थल है, जो अपने आश्चर्यजनक मंदिरों, प्राचीन खंडहरों और लुभावने परिदृश्यों के लिए जाना जाता है। आइए हम्पी में घूमने के लिए कुछ बेहतरीन जगहों के बारे में जानें।



### 1. विरुपाक्ष मंदिर

विरुपाक्ष मंदिर हम्पी के सबसे महत्वपूर्ण और सबसे पुराने मंदिरों में से एक है। भगवान शिव को समर्पित यह मंदिर 7वीं शताब्दी से पूजा का स्थान रहा है। विशाल गोपुरम (प्रवेश द्वार) मंदिर का मुख्य आकर्षण है और दीवारों पर की गई नक्काशी मंत्रमुग्ध कर देने वाली है। शहर के बीचों-बीच स्थित होने के कारण यह हम्पी की अपनी यात्रा शुरू करने के लिए भी एक बेहतरीन जगह है।

### 2. विजया विट्ठल मंदिर

विजया विट्ठल मंदिर अपने प्रतिष्ठित पत्थर के रथ के लिए प्रसिद्ध है, जिसे 50 के भारतीय मुद्रा नोट पर भी दिखाया गया है। मंदिर परिसर बहुत बड़ा है और शानदार मूर्तियों और नक्काशी से भरा हुआ है। इस मंदिर की एक अनूठी विशेषता संगीतमय स्तंभ हैं। जब धीरे से थपथपाया जाता है, तो ये स्तंभ संगीतमय स्वर उत्पन्न करते हैं। हालांकि अब आगंतुकों को स्तंभों को छूने की अनुमति नहीं है, लेकिन मंदिर की सुंदरता और भव्यता विस्मयकारी बनी हुई है।

### 3. हम्पी बाज़ार

विरुपाक्ष मंदिर के ठीक बगल में हम्पी बाज़ार है, जो दोनों तरफ प्राचीन खंडहरों से सजी एक लंबी सड़क है। अतीत में, यह बाज़ार एक चहल-पहल वाला बाज़ार था जहां दुनिया भर के व्यापारी अपना सामान बेचने आते थे। आज, यह हम्पी के समृद्ध इतिहास की एक झलक पेश करता है। आप घूम सकते हैं और मंडपों के अवशेषों का पता लगा सकते हैं और प्राचीन बाज़ार के माहौल का आनंद ले सकते हैं।

### 4. मतंगा हिल

जिन लोगों को लंबी पैदल यात्रा और मनोरम दृश्य पसंद हैं, उनके लिए मतंगा हिल ज़रूर जाना चाहिए। यह हम्पी का सबसे ऊंचा स्थान है, और ऊपर से आप पूरे शहर, इसके मंदिरों और तुंगभद्रा नदी का मनमोहक दृश्य देख सकते हैं। पहाड़ी पर चढ़ने में लगभग 30 मिनट लगते हैं और दोपहर की गर्मी से बचने के लिए सुबह या शाम को चढ़ना सबसे अच्छा है। मतंगा पहाड़ी से सूर्योदय या सूर्यास्त देखना एक अविस्मरणीय अनुभव है।

### 5. लोटस महल

लोटस महल अपने खूबसूरत मेहराबों, बालकनियों और गुंबदों के साथ इंडो-इस्लामिक वास्तुकला का एक उदाहरण है। यह ज़ेनाना एनक्लोजर में स्थित है, एक ऐसा क्षेत्र जो कभी शाही महिलाओं के लिए आरक्षित था। संरचना का नाम ३लोटस महल३ रखा गया है क्योंकि इसका गुंबद और मेहराब कमल के फूल की पंखुड़ियों से मिलते जुलते हैं। यह हम्पी की सबसे अच्छी तरह से संरक्षित इमारतों में से एक है, और इसका शांत वातावरण इसे घूमने के लिए एक शानदार जगह बनाता है।

### 6. हाथी अस्तबल

हाथी अस्तबल हम्पी में एक और दिलचस्प जगह है। जैसा कि नाम से पता चलता है, इसका इस्तेमाल कभी शाही हाथियों को रखने के लिए किया जाता था। इस लंबी इमारत में 11 गुंबददार कक्ष हैं, जिनमें से प्रत्येक में हाथियों के बैठने के लिए ऊंची छतें हैं। वास्तुकला भारतीय और इस्लामी शैलियों का मिश्रण है, और यह देखना काफी प्रभावशाली है कि सदियों से इस संरचना को कितनी अच्छी तरह से संरक्षित किया गया है।

# अलासंडा वड़ा की स्वादिष्ट रेसिपी

अलसंडा वड़ा, जिसे ब्लैक-आइड पी फ्रिटर्स के नाम से भी जाना जाता है, एक स्वादिष्ट और कुरकुरा दक्षिण भारतीय नाश्ता है। अलासंडा (ब्लैक-आइड पीज़) से बना यह डीप-फ्राइड व्यंजन चाय-टाइम या ऐपेटाइज़र के लिए एकदम सही है। यहाँ घर पर अलासंडा वड़ा बनाने की एक सरल रेसिपी दी गई है।



**सामग्री:**

- 1 कप ब्लैक-आइड पीज़ (अलसंडा)
- 1 मध्यम प्याज, बारीक कटा हुआ
- 2-3 हरी मिर्च, बारीक कटी हुई
- 1 बड़ा चम्मच अदरक, बारीक कटा हुआ
- 1 छोटा चम्मच जीरा
- कुछ करी पत्ते, कटे हुए
- 2 बड़े चम्मच धनिया पत्ता, कटा हुआ
- स्वादानुसार नमक
- डीप फ्राई करने के लिए तेल

**1. ब्लैक-आइड पीज़ को भिगोना**

सबसे पहले 1 कप ब्लैक-आइड पीज़ को लगभग 4 से 5 घंटे या रात भर के लिए पानी में भिगोएँ। इससे मटर नरम हो जाती है, जिससे उन्हें पीसना आसान हो जाता है। भिगोने के बाद, पानी को पूरी तरह से निकाल दें।

**2. घोल तैयार करना**

जब काली-आंखों वाली मटर अच्छी तरह से भीग जाए, तो उन्हें ब्लेंडर या फूड प्रोसेसर में डालें। उन्हें पीसकर मोटा पेस्ट बना लें। पीसते समय बहुत ज़्यादा पानी न डालें, क्योंकि वड़े को अपना आकार बनाए रखने के लिए मिश्रण गाढ़ा होना चाहिए। अगर ज़रूरत हो, तो पीसने में मदद के लिए बस कुछ चम्मच पानी डालें। पेस्ट थोड़ा मोटा होना चाहिए और चिकना नहीं होना चाहिए, क्योंकि इससे वड़े कुरकुरे बनेंगे।

**3. मसाले मिलाना**

पिसे हुए काली-आंखों वाली मटर के मिश्रण को एक बड़े कटोरे में डालें। इसमें कटा हुआ प्याज़, हरी मिर्च, अदरक, जीरा, करी पत्ता और धनिया पत्ता डालें। अपने स्वाद के अनुसार मिश्रण में नमक डालें। सब कुछ अच्छी तरह मिलाएं, सुनिश्चित करें कि सामग्री समान रूप से वितरित हो। प्याज़ और मसाले वड़ों में स्वाद का तड़का लगाएंगे।

**4. वड़ों को आकार देना**

मध्यम आंच पर एक गहरे फ्राइंग पैन में तेल गरम करें। जब तेल गरम हो रहा हो, तो अपने हाथों से मिश्रण को छोटे, गोल पैटी का आकार दें। मिश्रण को अपने हाथों पर चिपकने से रोकने के लिए, आप अपनी हथेलियों को थोड़े से पानी से गीला कर सकते हैं।

**5. वड़े तलना**

जब तेल तलने के लिए पर्याप्त गर्म हो जाए, तो आकार के वड़ों को सावधानी से तेल में डालें। वड़ों को बैचों में तलें, ध्यान रखें कि पैन में बहुत ज़्यादा वड़े न हों। उन्हें मध्यम आंच पर तब तक तलें जब तक कि वे बाहर से सुनहरे भूरे और कुरकुरे न हो जाएँ। दोनों तरफ़ से समान रूप से पकने के लिए वड़ों को कभी-कभी पलटें। इसमें आमतौर पर प्रत्येक बैच में लगभग 5 से 7 मिनट लगते हैं।

# राशिफल

प्रियंका जैन

**मेष** — व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। बेचैनी रहेगी। प्रयास सफल रहेंगे। धनलाभ के अवसर हाथ आएंगे। सामाजिक कार्य करने में रुचि रहेगी। मान-सम्मान मिलेगा। निवेश शुभ रहेगा। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे।

**वृष** — वाणी पर नियंत्रण रखें। किसी अपने ही व्यक्ति से कहासुनी हो सकती है। थकान व कमजोरी रह सकती है। स्वास्थ्य पर खर्च होगा। चिंता तथा तनाव रहेंगे। नौकरी में कार्यभार रहेगा। भागदौड़ रहेगी। आय होगी।

**मिथुन** — यात्रा मनोरंजक रहेगी। स्वादिष्ट भोजन का आनंद प्राप्त होगा। विद्यार्थी वर्ग सफलता प्राप्त करेगा। कारोबार में वृद्धि के योग हैं। व्यस्तता के चलते स्वास्थ्य प्रभावित होगा। धन प्राप्ति सुगम होगी। मित्रों का सहयोग समय पर प्राप्त होगा।

**कर्क** — रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। प्रमाद न करें। जल्दबाजी न करें। कोई समस्या खड़ी हो सकती है। शरीर शिथिल हो सकता है। लेन-देन में जल्दबाजी न करें। भूमि व भवन इत्यादि की खरीद-फरोख्त की योजना बनेगी।

**सिंह** — कानूनी अड़चन दूर होकर लाभ की स्थिति बनेगी। थकान व कमजोरी रह सकती है। जीवनसाथी से सहयोग प्राप्त होगा। व्यापार-व्यवसाय लाभप्रद रहेगा। निवेश में जल्दबाजी न करें। नौकरी में शांति रहेगी।

**कन्या** — पूजा-पाठ में मन लगेगा। किसी साधु-संत का आशीवार्द मिल सकता है। कोर्ट व कचहरी के कार्य मनोनुकूल रहेंगे। व्यापार-व्यवसाय लाभप्रद रहेंगे। नौकरी में प्रभाव वृद्धि होगी। मातहतों का सहयोग प्राप्त होगा।

**तुला** — किसी व्यक्ति विशेष की नाराजी झेलना पड़ेगी। व्यवसाय ठीक चलेगा। पुराना रोग उभर सकता है। दूर से दुःखद समाचार मिल सकता है। व्यर्थ भागदौड़ रहेगी। किसी व्यक्ति के व्यवहार से अप्रसन्नता रहेगी।

**वृश्चिक** — धन प्राप्ति सुगम तरीके से होगी। नई योजना बनेगी। तत्काल लाभ नहीं होगा। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। सामाजिक कार्य करने में रुझान रहेगा। मान-सम्मान मिलेगा। शेयर मार्केट व म्युचुअल फंड इत्यादि से मनोनुकूल लाभ होगा।

**धनु** — यात्रा लाभदायक रहेगी। व्यापार मनोनुकूल चलेगा। नौकरी में चैन रहेगा। धनहानि संभव है, सावधानी रखें। किसी व्यक्ति के व्यवहार से स्वाभिमान को ठेस पहुंच सकती है। जीवनसाथी के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। विवाद से बचें।

**मकर** — किसी भी व्यक्ति की बातों में न आएं। महत्वपूर्ण निर्णय सोच-समझकर करें, लाभ होगा। अप्रत्याशित खर्च सामने आएंगे। वाणी में हल्के शब्दों के प्रयोग से बचें। बात बढ़ सकती है। परिवार के किसी सदस्य के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। तनाव रहेगा।

**कुंभ** — व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। अप्रत्याशित लाभ हो सकता है। व्यापार-व्यवसाय लाभप्रद रहेगा। निवेश मनोनुकूल लाभ देगा। परीक्षा व साक्षात्कार आदि में सफलता प्राप्त होगी। भाग्य का साथ मिलेगा। प्रसन्नता रहेगी। शत्रु सक्रिय रहेंगे।

**मीन** — घर में अतिथियों का आगमन होगा। व्यय होगा। दूर से शुभ समाचार प्राप्त होंगे। व्यापार-व्यवसाय ठीक चलेगा। नौकरी में संतोष रहेगा। निवेश शुभ रहेगा। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। विरोध होगा। विवाद से क्लेश होगा, इससे बचें।

# अपनी आर्थिक स्थिति के बारे में जाने



प्रियंका जैन
9769994439

- यदि दूसरे भाव में पाप ग्रह शनि,मंगल, राहू, केतू इनमे कोई एक या दो से अधिक ग्रह शत्रु राशी में बैठे हो, अथवा इन ग्रहों की दूसरे भाव पर दृष्टी हो तो, संचित धन का नाश कर देते हैं।
- यदि कोई पापी ग्रह शनि, मंगल, सूर्य अष्टम में बैठ कर सप्तम दृष्टी से दूसरे भाव को देखेगे तो धन का नाश करेगी, इसमे शर्त यह है कि दूसरे भाव की राशी इनकी खुद की राशी ना हो।
- यदि ५ वे भाव में स्थित शनि १० दृष्टी से दूसरे भाव को, मंगल ७ वे भाव से ८ वी दृष्टी से दूसरे भाव को देखता है तो, धन का नाश होगा।
- यदि राहू या केतू ६ थे भाव में स्थित होकर ९ वी दृष्टी से भाव दूसरे भाव को देखेगे तो धन का नाश कर देंगे।
- यदि दूसरे भाव में सूर्य+शनि अथवा सूर्य+राहू होतो, राज प्रकोप से धन का नाश होता है।
- यदि ११ वे भाव में कोई भी ग्रह सूर्य, चन्द्र, मंगल,बुध, गुरु, शुक्र, शनि होतो, वे जातक को धन लाभ कराते है. ११ वे भाव में स्थित ग्रह जिन वस्तुओं के कारक होते है, उन वस्तुओं के कारोबार से जातक को धन-लाभ होता है।
- राहू, केतू ११ वे भाव में होतो, धन लाभ में रूकावट डालते है। आय में विलम्ब करते है। यह ग्रह अचानक रूका हुआ धन दिला देते है।
- यदि १२ वे भाव में सूर्य+शनि की युति होतो , मुकदमे बाज़ी में धन का नाश होता है।
- यदि दूसरे भाव का स्वामी और ११ वे भाव का स्वामी १२ वे भाव में होतो जातक निर्धन हो जाता है।
- यदि दूसरे भाव का स्वामी १२ वे भाव में होतो, जातक के पास धन नहीं होगा।
- यदि ११ वे भाव का स्वामी १२ वे भाव में होतो, जातक कमाता जायेगा और खर्च होता जायेगा

## खबर संक्षेप

### किशोरी की घाघरा में डूबने से मौत

**आजमगढ़।** महराजगंज थाना क्षेत्र के नौबरार देवारा जदीद किता प्रथम गांव में शुक्रवार सुबह घाघरा नदी में स्नान करने गई किशोरी की डूबने से मौत हो गई। दो घंटे बाद उसका शव बलुआ घाट से बरामद हुआ। नौबरार देवारा जदीद किता प्रथम गांव निवासी 15 वर्षीय आंचल पुत्री मोहन राजभर क्षेत्र के एक विद्यालय में कक्षा 7 में पढ़ती थी। उसके पिता मोहन राजभर व परिवार के सदस्यों ने घर के सामने मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित की थी। परिवार में परंपरा है कि सुबह लोग घाघरा नदी में स्नान कर घर आते हैं और मां के समक्ष पूजापाठ करते हैं। शुक्रवार सुबह सुबह आंचल परिवार की अन्य औरतों के साथ गांव के समीप स्थित बलुआ घाट पर घाघरा नदी में स्नान करने गई थी। परिजनों का कहना है कि नहाते समय वह गहरे पानी में चली गई। परिवार के सदस्यों की चीख-पुकार सुनकर ग्रामीण मौके पर पहुंचे। सूचना पर पुलिस के साथ गोताखोर भी आ गए। गोताखोरों ने दो घंटे के अथक प्रयास के बाद शव बरामद कर लिया। किशोरी की मौत से परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

### रावण-मेघनाथ और कुम्भकर्ण का पुतला दहन

**पटना।** पटना के गांधी मैदान में राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने रावण वध कार्यक्रम का उद्घाटन किया। रावण दहन करने से पहले राम, सीता, लक्ष्मण की वेशभूषा में आये कलाकारों की आरती राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने उतारी। इस दौरान रावण वध कार्यक्रम देखने के लिए ऐतिहासिक गांधी मैदान में लोगों की भीड़ जुटी है।

### घर में घुसकर अपराधियों ने फोड़े बम

**धनबाद।** धनबाद जिले में अपराधियों ने दुर्गा पूजा के बीच आधी रात को घर में घुसकर तांडव मचाया। बमबाजी की। बम फटने की आवाज सुनकर लोग वहां पहुंचे, तो अपराधी भाग खड़े हुए। घटना शुक्रवार और शनिवार की दरम्यानी रात करीब 12:40 बजे की है। धनबाद जिले के अलकडीहा ओपी अंतर्गत सुरुंगा में अपराधियों ने रैयत विस्थापित ग्रामीण मोर्चा के पांडव रजक के घर में पहुंचकर आतंक मचाया। अपराधियों ने बम भी फोड़ा। हालांकि, इसमें किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। हां, एस्बेस्टस का घर क्षतिग्रस्त हो गया। भुक्तभोगी पांडव रजक ने इसकी सूचना अलकडीहा ओपी प्रभारी को दी। फोन पर सूचना मिलते ही ओपी प्रभारी रजक के घर पहुंचे। स्थिति का जायजा लिया।

# यूपी में हादसों पर सख्त हुई योगी सरकार

## ट्रैक्टर-ट्रॉली पर सवारी ढोने वालों की खैर नहीं

एजेंसी | लखनऊ

यूपी में ट्रैक्टर-ट्रॉली पर सवारी ढोने वालों की अब खैर नहीं है। ट्रैक्टर-ट्रॉली से हो रहे हादसों पर योगी सरकार सख्त हो गई है। जल्द ही यूपी सरकार इस पर रोक लगाएगी। ट्रैक्टर-ट्रॉली से यात्रा करने पर प्रतिबंध लगाने के लिए एक उच्च स्तरीय बैठक बुलाई जाएगी, जिससे लोगों की अमूल्य जिंदगी बचाई जा सके। इसके बाद भी अगर ट्रैक्टर-ट्रॉली से कोई सवारी करते पाया गया तो सख्त कार्रवाई की जाएगी। बतादें कि ट्रैक्टर-ट्रॉली से संबंधित ताजा हादसा चार अक्टूबर को हुआ था, जिसमें 10 मजदूरों की मौत हो गयी थी। घटना मिर्जापुर में हुयी थी जब वे लोग वाराणसी में अपने घर लौट रहे थे। चार अक्टूबर के बाद भी उत्तर प्रदेश के विभिन्न हिस्सों से ट्रैक्टर-ट्रॉली से जुड़ी कई दुर्घटना सामने आई है।




### जल्द होगी उच्च स्तरीय बैठक

उप्र के परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने बताया, हम जल्द ही यात्री परिवहन के लिए ट्रैक्टर-ट्रॉलियों के इस्तेमाल पर अंकुश लगाने के तरीकों पर चर्चा करने के लिए एक उच्च स्तरीय बैठक बुलाएंगे। सिंह ने बताया, 'ट्रैक्टर-ट्रॉलियों पर नियमों को सख्ती से लागू करना और साथ ही ग्रामीण इलाकों में लोगों के बीच आवश्यक जागरूकता पैदा करना, जो आवागमन के लिए ट्रैक्टर ट्रॉलियों को प्राथमिकता देते हैं, संभवतः इसलिए क्योंकि वे इसे सस्ता और आसानी से सुलभ विकल्प मानते हैं। नियमों के अनुसार, ट्रैक्टर-ट्रॉलियों में लोगों को सामान्य या निजी यात्रा पर ले जाने की अनुमति नहीं है। व्यावसायिक/कृषि कार्य के लिए किसी परियोजना स्थल या खेत पर जाने के लिये ट्रैक्टर-ट्रॉली का इस्तेमाल किया जा सकता हैं।

## विवेक यादव हत्याकांड

# लापरवाही में बरसठी एसओ लाइन हाजिर, 29 गिरफ्तार

एजेंसी | लखनऊ

स्थानीय थाना क्षेत्र के मंगरमू जमुनीपुर गांव निवासी विवेक यादव की हत्या के बाद गिरफ्तारी की मांग करते हुए गुरुवार को कुछ लोगों ने उपद्रव किया था। पुलिस पर पथराव करते हुए उनके वाहनों को क्षतिग्रस्त कर दिया था। इस मामले में प्रारंभिक स्तर पर लापरवाही बरतने के आरोप में एसओ बरसठी कश्यप कुमार सिंह को एसपी ने लाइन हाजिर कर दिया। शुक्रवार शाम तक कई थानों की पुलिस ने दबिश देकर 29 लोगों को गिरफ्तार की।





### यहां से पड़ी घटना की नींव

बीते रविवार को क्षेत्र के मंगरमू जमुनीपुर गांव निवासी विवेक यादव की चाउमीन के बकाए 180 रूपये के लिए पिटाई कर अपहरण कर लिया गया था। तीन दिन बाद उसकी लाश भदोही जिले के सुरियावां क्षेत्र ठकुराइन तारा में मिली थी। पोस्टमार्टम के बाद परिजन शव लेकर बुधवार की देर रात घर आये थे। सुबह अंतिम संस्कार करना था लेकिन परिजन गांव वालों के साथ सुबह आठ बजे घर से दूर निगोह बाज़ार तिराहे पर एसओ पर लापरवाही बरतने व आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर जाम लगा दिए।

### तीन घंटे तक चला था जाम, हुआ था पथराव

निगोह बाजार में जाम की सूचना पर एएसपी ग्रामीण शैलेन्द्र सिंह, सीओ विवेक सिंह, एसडीएम कुणाल गौरव सहित कई थानों की फोर्स पहुंच गई थी। करीब तीन घण्टे बीत जाने के बाद न मानने पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेना चाहा तो ग्रामीणों ने पथराव कर दिया। पथराव में कई पुलिस कर्मियों के शरीर पर पत्थर लगे और एएसपी ग्रामीण, सीओ मड़ियाहू सहित कई गाड़ी के शीशे टूट गए थे। पुलिस मामले में मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की गिरफ्तारी में लगी है।

### परिजनों का आरोप

परिजनों का आरोप था कि पुलिस सक्रिय होती तो शायद हत्या न होती। शुक्रवार को पूरे दिन निगोह बाजार में सियापा छाया रहा। पुलिस कैम्प किए हुए है। गांव से अधिकांश पुरुष फरार हैं। जो बचे हैं उन्हें पुलिस गिरफ्तार कर ली। निगोह बाजार में शव रखकर चक्का जाम करने के दौरान पुलिस पर हुए पथराव के मामले में 148 लोगों पर नामजद और अज्ञात के खिलाफ सात सीएलए समेत विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। बाजार में शान्ति व सुरक्षा के दृष्टि से सीओ मड़ियाहू विवेक सिंह के नेतृत्व में सर्किल के कई थानों की फोर्स व पीएसी लगायी गयी है। बाजार बंद होने से लोगों को रोजमर्रा के सामानों के लिए परेशान रहे। पुलिस की कार्रवाई से लोग घर छोड़कर फरार है।

## कार से कुचलकर दो सगी बहनों समेत युवक की मौत



### आक्रोशित ग्रामीणों ने जाम किया मार्ग

**अंबेडकरनगर।** नेशनल हाइवे पर शनिवार को तेज रफ्तार कार ने टांडा कोतवाली क्षेत्र में दो सगी बहनों और एक युवक को रौंद दिया। तीनों की मौके पर मौत हो गई। नाराज ग्रामीणों ने मार्ग जाम कर प्रदर्शन भी किया। शनिवार दोपहर करीब अयोध्या जनपद में रजिस्टर्ड एक कार पिपरी विशुनपुर के पास एक बाइक सवार को बचाने के प्रयास में अनियंत्रित हो गई। इसके बाद डिवाइडर तोड़ कर दूसरी लेन में पहुंच गई। वहां पैदल जा रही विशुनपुर निवासी इंद्रजीत की दो पुत्रियों रानी (18) और रागिनी (17) के साथ ही एक युवक हनुमान गुप्त (35) को चपेट में ले लिया। इन तीनों को रौंदते हुए कार हाइवे के किनारे स्थित गड्ढे में चली गई। कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हुई ही, चालक के अलावा उसमें सवार एक अन्य व्यक्ति घायल हो गया। दोनों बहनों और युवक को अस्पताल ले जाए जाने के बाद मृत घोषित कर दिया गया जबकि कार चालक और एक अन्य का इलाज चल रहा है। उधर, घटना से नाराज ग्रामीणों ने नेशनल हाइवे जाम कर दिया।

## छपरा में दर्दनाक सड़क हादसा

**कार और बाइक की भीषण टक्कर, दो युवकों की मौत**



एजेंसी | छपरा

सारण के तरैया थाना क्षेत्र के रामबाग स्टेट हाईवे 73 पर शुक्रवार की रात कार व बाइक की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। जिसमें दो युवकों की मौत हो गई। मृतक की पहचान कार सवार युवक गंडार गांव निवासी ललन राय के 21 वर्षीय पुत्र हैप्पी कुमार और दूसरा बाइक सवार पोखड़ेरा गांव निवासी वीरेंद्र प्रसाद राय के 30 वर्षीय पुत्र धनंजय कुमार यादव के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार हैप्पी कुमार गंडार गांव के ही अपने दोस्त के कार से घूमने के लिए तरैया बाजार जा रहा था। तभी रामबाग जयहिंद ढाबा के पास कार ने पहले एक बाइक में टक्कर मारी और फिर कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे लगे बिजली के पोल में टकरा गई। इसके बाद कार पलटकर नीचे खेत में चली गई।

### पुलिस ले गई अस्पताल

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंच दो घायल युवकों को लेकर रेफरल अस्पताल तरैया में पहुंची। जहां कार सवार हैप्पी को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। बाइक सवार धनंजय को प्राथमिक उपचार के बाद हयात सेंटर रेफर कर दिया गया। जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।



# नवादा में नम आंखों से मां की हुई विदाई

**विजयादशमी पर खेली गई सिंदूर की होली**

नवादा। बिहार के नवादा में शनिवार को रेलवे कॉलोनी में बंगाली रीति रिवाज के साथ विजया दशमी पूजा के दिन मां दुर्गा को विदाई दी गई। यहां पर महिलाओं ने बंगाली रीति रिवाज के साथ एक दूसरे को सिंदूर लगाकर होली खेली। स्थानीय लोगों का कहना है कि नवादा में यह वर्षो पुरानी परंपरा है। जो कि आज तक चली आ रहा है और इस परंपरा में काफी महिलाएं भाग लेती हैं। विजयादशमी के दिन मां की विदाई के समय महिलाओं द्वारा सिंदूर होली कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मां की आरती करने के बाद महिलाओं ने सिंदूर की होली खेली। बंगाली समाज की महिलाओं ने मां को समर्पित होने वाले सिंदूर को अपनी मांग में भरकर एक दूसरे को सिंदूर से रंग दिया। यहां पर यह परंपरा 72 साल पुरानी है। जिसे यहां के लोगों ने आज निर्वहन किया।ऐसी मान्यता है कि ऐसा करने से पति की उम्र लंबी होती है।




# जुलाई-सितंबर तिमाही में डीमार्ट का मुनाफा 5.77% बढ़ा

- रेवेन्यू 14.4% बढ़कर 14,444 करोड़ हुआ
- शेयर ने एक साल में 18% रिटर्न दिया

**मुंबई।** रिटेल चेन डीमार्ट को ऑपरेट करने वाली कंपनी एवेन्यू सुपरमार्ट्स का वित्त वर्ष 2024-25 की दूसरी तिमाही में कॉसोलिडेटेड नेट प्रॉफिट यानी शुद्ध मुनाफा बढ़कर 659.58 करोड़ रुपए रहा है। सालाना आधार पर इसमें 5.77% की बढ़ोतरी हुई है। पिछले साल की समान तिमाही में कंपनी ने 623.56 करोड़ रुपए का नेट प्रॉफिट दर्ज किया था। जुलाई-सितंबर तिमाही में कंपनी ने 14,444.50 करोड़ रुपए का कॉन्सोलिडेटेड रेवेन्यू दर्ज किया है। सालाना आधार पर इसमें 14.4% की बढ़ोतरी हुई है। एक साल पहले यानी जुलाई-सितंबर 2023 में कंपनी ने 12,624.37 करोड़ रुपए की कमाई की थी। कंपनी ने आज शनिवार (12 अक्टूबर) को वित्त वर्ष 2025 के दूसरी तिमाही के नतीजे जारी किए हैं।




### तिमाही आधार पर मुनाफा 14.74% घटा

- अप्रैल-जून तिमाही (Q1FY25) में कंपनी ने 773 करोड़ का मुनाफा दर्ज किया था।
- अप्रैल-जून के मुकाबले जुलाई-सितंबर तिमाही में कंपनी का नेट प्रॉफिट 14.74% घटा है।
- इस दौरान कंपनी का रेवेनेयू 2.66% बढ़ा है। Q1FY25 में यह 14,069 करोड़ था।

### डीमार्ट ने एक साल में 18.31% का रिटर्न दिया


एवेन्यू सुपरमार्ट्स का शेयर पिछले 6 महीने में 4.09% गिरा है और एक साल में इसके शेयर ने 18.31% का रिटर्न दिया है। केवल इस साल यानी 1 जनवरी से अब तक की बात करें तो कंपनी ने 12.43% का रिटर्न दिया है। कंपनी का मार्केट कैप 2.97 लाख करोड़ रुपए है।

# इस हफ्ते सोने-चांदी में रही गिरावट

- सोना 341 रुपए गिरकर 75,623 रुपए पर आया
- चांदी 89,963 रुपए प्रति किलो बिक रही

एजेंसी | नई दिल्ली

इस हफ्ते सोने-चांदी के दामों में गिरावट देखने को मिली है। इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन (IBJA) की वेबसाइट के अनुसार पिछले शनिवार यानी 5 अक्टूबर को सोना 75,964 रुपए पर था, जो अब (12 अक्टूबर) को 75,623 रुपए प्रति 10 ग्राम पर आ गया है। यानी इस हफ्ते इसकी कीमत 341 रुपए कम हुई है। वहीं, चांदी की बात करें तो ये पिछले शनिवार को ये 92,200 रुपए पर थी, जो अब 89,963 रुपए प्रति किलोग्राम पर आ गई है। इस हफ्ते इसकी कीमत 2,237 रुपए कम हुई है। इस साल चांदी 29 मई को अपने ऑल टाइम हाई 94,280 रुपए प्रति पर पहुंच गई थी।



### 4 महानगरों में सोने की कीमत

**दिल्ली** : 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 71,350 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 77,820 रुपए है।
**मुंबई** : 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 71,200 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 77,670 रुपए है।
**कोलकाता** : 10 ग्राम 22 कैरेट गोल्ड की कीमत 71,200 रुपए और 24 कैरेट 10 ग्राम सोने की कीमत 77,670 रुपए है।
**चेन्नई** : 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 71,200 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 77,670 रुपए है।

# पीएम गति शक्ति से परियोजनाओं की लागत और अवधि हुई कम




**15.30 लाख करोड़ की 208 परियोजनाओं को बीते तीन वर्षों में मिली मंजूरी**

**नई दिल्ली।** बुनियादी ढांचे से जुड़ी परियोजनाओं को समय पर पूरा करने और लागत कम करने में पीएम गति शक्ति योजना का बड़ा लाभ मिला है। बीते तीन वर्षों में पीएम गति शक्ति- मल्टी-मॉडल कनेक्टिविटी के लिए राष्ट्रीय मास्टर प्लान के जरिये 15.30 लाख करोड़ रुपये की 208 परियोजनाओं को मंजूरी दी गई है।
उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) के एक वरिष्ठ अधिकारी ने शनिवार को पीएम गति शक्ति योजना के लाभों को लेकर जानकारी साझा की। उन्होंने बताया कि इसके जरिये अंतिम छोर तक बेहतर परिवहन की सुविधा विकसित करने की दिशा में तेजी से काम हुआ है। इससे किसी भी परियोजना की विस्तृत प्रोजेक्ट रिपोर्ट (डीपीआर) बनाने, पर्यावरण संबंधी मंजूरी लेने और परियोजना से जुड़े कामों के क्रियान्वयन में तेजी आई है। उन्होंने बताया कि पुणे-बेंगलुरु एक्सप्रेसवे की डीपीआर पहले 841 किलोमीटर की बनी थी, लेकिन हमने पीएम गति शक्ति के माध्यम से डीपीआर तैयार की तो इसकी लंबाई घटकर 787 किलोमीटर हो गई। इसी तरह से ईस्ट कोस्ट रेल लाइन की डीपीआर में भी बदलाव कर रूट छोटा किया गया। इससे लागत में भारी कमी आई। उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार से जुड़े मंत्रालयों के 500 करोड़ रुपये से अधिक के प्रोजेक्ट का पीएम गति शक्ति योजना के तहत क्रियान्वयन होता है। अभी तक इसके तहत स्वीकृत परियोजनाओं को नेटवर्क प्लानिंग ग्रुप (एनपीजी) ने सिफारिश की है, जो प्रधानमंत्री गति शक्ति योजना के तहत गठित किया गया है। योजना के तहत सड़क (101), रेलवे (73), शहरी विकास (12) और तेल एवं गैस मंत्रालय (4) और बाकी अन्य विभाग से संबंधित परियोजनाओं की मंजूरी के लिए सिफारिश की गई है।

## टी-20 विश्व कप

# बेटियों को ऑस्ट्रेलिया पर चाहिए बड़ी विजय

### नंबर गेम

- 6 मुकाबले विश्व कप में दोनो ने खेले हैं ऑस्ट्रेलिया ने चार और भारत ने दो जीते हैं
- 96 सर्वाधिक रन भारत के लिए हरमन ने 96 की ही औसत से बनाए हैं टूर्नामेंट में
- 7 विकेट अरुंधति ने 5 .50 की इकोनॉमी से तीन मैच में अब तक चटकाए हैं

**एजेंसी । शारजाह**

हरमनप्रीत कौर की टीम को अगर टी-20 विश्व कप के लगातार चौथी बार सेमीफाइनल में पहुंचना है तो रविवार को गत चैंपियन ऑस्ट्रेलिया पर बड़ी जीत दर्ज करनी होगी। इससे उसका नेट रन रेट भी सुधरेगा। साथ ही दुआ भी करनी होगी कि पाकिस्तान की टीम सोमवार को न्यूजीलैंड को हरा दे। भारतीय टीम को अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। इसके लिए जरूरी है कि शेफाली और मंधाना की जोड़ी टीम को एक बार फिर धमाकेदार शुरुआत दिलाए।



मंधाना और शेफाली ने श्रीलंका के खिलाफ पिछले मुकाबले में टीम को तूफानी शुरुआत दिलाई थी। मंधाना ने अर्धशतक जड़ा था। वहीं हरमन ने भी तेज तर्रार अर्धशतकीय पारी खेली थी। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मुकाबले में भी टीम को इन तीनों से ऐसे ही खेल की उम्मीद होगी। इस मैदान पर भारत का यह पहला मैच है। यहां रन बनाना आसान नहीं है लिहाजा इन तीनों के अलावा जेमिमा पर भी काफी दारोमदार होगा। गेंदबाजी में अरुंधति और आशा शोभना भी दम दिखा रही हैं। उन्हें साथियों का भी अच्छा साथ मिल रहा है। वह अपने इस प्रदर्शन को बरकरार रखना चहेंगी। गत चैंपियन ऑस्ट्रेलिया ने शुक्रवार को पाकिस्तान को हराकर जीत की हैट्रिक पूरी की। इस दौरान उसकी कप्तान एलिसा हीली पैर में चोट लगा बैठी और तेज गेंदबाज टायला व्लाएमिंक के कंधे की हड्डी खिसक गई। उनका मुकाबले में खेल पाना मुश्किल है।

### ये हैं समीकरण

- ऑस्ट्रेलियाई टीम तीन जीत के साथ शीर्ष पर है और उसने लगभग अपना स्थान पक्का कर लिया है। उसके छह अंक होने के साथ ही 2.786 की नेट रन रेट है। भारत के जीतने की स्थिति में भी उसे कोई फर्क नहीं पड़ेगा।
- भारत दो जीत से चार अंकों और 0.576 की नेट रन रेट से दूसरे स्थान पर है। उसे आगे बढ़ने के लिए ऑस्ट्रेलिया पर सिर्फ जीत की जरूरत है। साथ ही यह दुआ करनी होगी कि पाक की टीम न्यूजीलैंड को हरा दे।
- न्यूजीलैंड को अपने आखिरी मैच में सोमवार को पाक से खेलना है। वह दो जीत से माइनस 0.050 की नेट रन रेट से तीसरे नंबर पर है। जीत से उसके छह अंक हो जाएंगे और वह अंतिम चार में पहुंच सकता है।
- पाक (-0.488) अगर न्यूजीलैंड को हरा देता है और ऑस्ट्रेलिया भारत को। तो ऐसे में तीन टीमों के एक समान चार-चार अंक हो जाएंगे। तो ऐसे में बात नेट रनरेट पर जाएगी। भारत को छोड़कर दोनों टीमों का नेट रन रेट अभी माइनस में है। इसलिए भारतीय टीम को बड़े अंतर से जीत दर्ज करनी होगी।

### आज के मुकाबले

इंग्लैंड बनाम स्कॉटलैंड
> दोपहर 3:30 बजे

भारत बनाम ऑस्ट्रेलिया
> शाम 7:30 बजे

### आमने-सामने

| | |
|---|---|
| कुल मैच : | 34 |
| ऑस्ट्रेलिया जीता : | 25 |
| भारत जीता : | 8 |
| बेनतीजा : | 1 |

### 23 साल बाद शारजाह में भारत

भारत की कोई टीम (पुरुष या महिला) 23 साल 11 महीने और 14 दिन बाद शाहजाह के मैदान में खेलेगी। यहां भारत की ओर से पिछला मुकाबला 29 अक्तूबर 2000 को सौरव गांगुली की अगुआई में श्रीलंका के खिलाफ चैंपियंस ट्रॉफी का खेला गया था। इसमें श्रीलंका के 299 रन की जवाब में भारतीय टीम 54 रन पर लुढ़क गई थी और श्रीलंका ने मैच 245 रन से जीता था। उस टीम में सचिन, युवराज और जहीर खान जैसे दिग्गज थे। तब मौजूदा महिला टीम की खिलाड़ी शेफाली, रिचा, यास्तिका भाटिया और श्रेयंका पाटिल जैसी खिलाड़ी पैदा भी नहीं हुईं थी।



## उथप्पा हांगकांग क्रिकेट सिक्सेस में भारत की करेंगे कप्तानी

**एजेंसी । नई दिल्ली**

विश्व कप विजेता विकेटकीपर बल्लेबाज रॉबिन उथप्पा अगले महीने हांगकांग क्रिकेट सिक्सेस टूर्नामेंट में भारत की कप्तानी करेंगे। आयोजकों ने शनिवार को यह जानकारी दी। भारतीय टीम में केदार जाधव, स्टुअर्ट बिन्नी, मनोज तिवारी और शाहबाज नदीम भी हैं। बल्लेबाज भरत छपली और विकेटकीपर श्रीवत्स गोस्वामी भी भारत के लिए खेलेंगे। भारत एक नवंबर को पाकिस्तान के खिलाफ अभियान शुरू करेगा। उसके बाद यूएई से खेलेगा। छह खिलाड़ियों की टीम वाले इस क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन एक से तीन नवंबर तक किया जाएगा। हांगकांग क्रिकेट सिक्सेस सात साल बाद आयोजित किया जा रहा है। इस साल ऑस्ट्रेलिया, पाकिस्तान, इंग्लैंड और न्यूजीलैंड समेत 12 टीमें भाग लेंगी। दक्षिण अफ्रीका गत चैंपियन है।

## एशियाई टेबल टेनिस चैंपियनशिप

# अयहिका-सुतीर्था ने सेमीफाइनल में पहुंच पदक किया पक्का



**एजेंसी । अस्ताना**

भारत की अयहिका मुखर्जी और सुतीर्था मुखर्जी ने एशियाई टेबल टेनिस चैंपियनशिप के महिला युगल के सेमीफाइनल में पहुंच कर देश का इस वर्ग में पहला पदक पक्का कर लिया। मुखर्जी बहनों ने शनिवार को दक्षिण कोरिया की किम नायोंग और ली युन्ही को 3-1 से (10-12, 11-7, 11-9, 11-8) से पराजित किया। पिछले साल एशियाई खेलों में चीन की विश्व चैंपियन टीम को हराकर कांस्य जीतने वाली भारतीय जोड़ी का सामना जापान की मीवा हारिमोतो और मियू किशारा से होगा।

### मानव-मानुष अंतिम-16 में

पुरुष एकल में मानव ठक्कर और मानुष शाह ने अंतिम-16 में प्रवेश किया। दुनिया के 60वें नंबर के खिलाड़ी मानव ने 14वें नंबर के दक्षिण कोरिया के जांग वूजिन के खिलाफ 3-2 से (5-11, 11-9, 5-11, 11-9, 11-7) से उलटफेर भरी जीत दर्ज की। मानुष ने दक्षिण कोरिया के अन जेह्यून को एकतरफा मुकाबले में 3-0 से (11-9, 11-5,11-6) से हराया। हरमीत देसाई लिम जोंगहुन से हार गए।

## पॉल यूपी रूद्रास टीम के मुख्य कोच बने



**एजेंसी । लखनऊ**

लखनऊ टीम यूपी रूद्रास ने हॉकी इंडिया लीग (एचआईएल) के लिए नीदरलैंड्स के पॉल वान आस को शनिवार को टीम का मुख्य कोच नियुक्त किया। नीदरलैंड्स की महिला टीम को पेरिस ओलंपिक में स्वर्ण पदक दिलाने वाले पॉल सहायक कोच थॉमस टिचेलमैन और तकनीकी निदेशक सेड्रिक डिसूजा के साथ काम करेंगे। पॉल ने कहा, भारत के पास हॉकी प्रतिभाओं का शानदार पूल है। पेरिस ओलंपिक में भारत के प्रदर्शन से यह साबित भी हुआ। मैं यूपी रूद्रास टीम का हिस्सा बनकर काफी रोमांचित हूं। हमारा लक्ष्य ऐसा माहौल बनाना है जिसमें युवा प्रतिभाएं राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मंच पर अपनी चमक बिखेर सकें। फ्रेंचाइजी के मालिक यदु स्पोटर्स ने कहा कि वे मेजर ध्यानचंद, केडी सिंह बाबू जैसे लीजेंड देने वाले प्रदेश की हॉकी में योगदान देना चाहते हैं।

## पेरू ने पूर्व विश्व चैंपियन उरुग्वे को हरा जीत का स्वाद चखा




**एजेंसी । लीमा**

पेरू ने पूर्व विश्व चैंपियन उरुग्वे को 1-0 से हराकर विश्व कप फुटबॉल दक्षिण अमेरिकी क्वालीफाइंग दौर में पहली जीत दर्ज की। मैच का एकमात्र गोल पेरू के लिए मिगुल अराउजो ने 88वें मिनट में हेडर पर किया। क्वालीफाइंग दौर में आठ मैचों में एक भी जीत दर्ज नहीं कर सकी पेरू की टीम ने 2017 के बाद पहली बार क्वालीफायर में उरुग्वे को हराया है।

## वंतिका की निगाह ग्रैंडमास्टर बनने पर

**एजेंसी । लंदन**

शतरंज ओलंपियाड स्वर्ण पदक विजेता वंतिका अग्रवाल की नजरें अब ग्रैंडमास्टर बनने पर है। उनका यह सपना अगले साल की शुरुआत में पूरा हो सकता है। उत्तर प्रदेश के नोएडा की वंतिका की अब तक की राह आसान नहीं थी। उनके करियर में मां का बड़ा योगदान रहा है। ग्लोबल शतरंज लीग की ब्रांड दूत 21 वर्षीय वंतिका ने कहा, इस स्तर तक पहुंचना आसान नहीं था। उत्तर भारत में पढाई पर ज्यादा जोर रहता है। अगर आप शतरंज या कोई भी



खेल खेलते हैं तो अतिरिक्त समय देना होता है। स्कूल में भी सभी मेरा सहयोग तो कर रहे थे लेकिन किसी को शतरंज के बारे में पता नहीं था। जब मैं उन्हें अपनी उपलब्धियों के बारे में बताती थी तो उन्हें कोई रुचि नहीं होती थी। मैंने श्रीराम कॉलेज आफ कॉमर्स से बीकॉम (आनर्स) किया लेकिन वहां भी नहीं पता कि मैंने ओलंपियाड स्वर्ण जीता है।

### मुंबई के मैदानों से

## पुणे डर्बी: सैन्टीसिमो के जीत की संभावना

**दोपहर संवाददाता । मुंबई**

रविवार को आयोजित पुणे घुड़दौड़ सत्र की सबसे आकर्षक दौड़ एचपीएसएल पुणे डर्बी में आठ प्रतिद्वंद्वी हिस्सा ले रहे हैं। दौड़ में वरिष्ठ प्रशिक्षक पेसी श्रॉफ द्वारा प्रशिक्षित सैन्टीसिमो के जीत की सबसे अधिक संभावना है, उसके लिए रिडिफाईन्ड और ट्रीट कड़ी चुनौती प्रस्तुत करने का तगड़ा माद्दा रखते हैं। कुल आठ दौड़ों का कार्यक्रम रखा गया है। पहली दौड़ दोपहर 1.30 बजे आरंभ होगी। विभिन्न दौड़ों के लिए हमारे चयन इस प्रकार हैं। 1- एरियाना स्टॉर (प्र.), एस्केप वेलोसिटी (द्वि.), 2- एल ग्रेको (प्र.), इन द लॉईट (द्वि.), 3- लॉर्ड एरिक (प्र.), एपरोल (द्वि.), 4- मिस अमेरिकन पे (प्र.), टॉईम एंड टॉईड (द्वि.), 5- सैन्टीसिमो (प्र.), रिडिफाइन्ड (द्वि.), 6- ईगल डे (प्र.), कम सेप्टेम्बर (द्वि.), 7- डिवाईन होप (प्र.), बुगाती (द्वि.), 8- सोरेन्टो सीक्रेट (प्र.), शी इज द ट्रीजर (द्वि.), दिन का सर्वोत्तमः मिस अमेरिकन पे।

## विक्रमादित्य कुलकर्णी की जीत

**दोपहर संवाददाता । मुंबई**

इंडियन मास्टर विक्रमादित्य कुलकर्णी ने रशियन हॉउस पेडर रोड पर खेले जा रहे प्रथम अखिल भारतीय फीडे रेटिंग ओपन शतरंज स्पर्धा में जीत के साथ अपने अभियान की शुरुआत की। उन्होंने सपर्धा के पहले चक्र के मुकाबले में मुंबई के अखिल शाह को 31वीं चाल के बाद मात दी। उनके अलावा अथर्व सोनी ने अक्ष श्रीवास्तव को, यश वाटरकर ने अक्षत पिल्लै को, संजीव मिश्रा ने अनंत महेश्वरी को, अर्णव खेर्डेकर ने अनीश नर को और डब्ल्यूसीएम कृति पटेल ने आरिया रेशमवाला को हराया और अपने खाते में अंक बटोरे।

# वेब सीरीज 'आदि शंकराचार्य' का ट्रेलर हुआ रिलीज

आर्ट ऑफ लिविंग ने अपनी पहली वेब सीरीज 'आदि शंकराचार्य' का ट्रेलर रिलीज कर दिया है। यह प्रोडक्शन आदि शंकराचार्य के प्रारंभिक वर्षों की कहानी प्रस्तुत करेगा, जिसमें वे भारत भर में यात्रा करते हुए आध्यात्मिक नैतिकताओं और परंपराओं को पुनर्जीवित करते हैं। सीज़न 1 में 10 एपिसोड होंगे। प्रत्येक एपिसोड लगभग 40 मिनट लंबा और आदि शंकराचार्य के जीवन के पहले आठ वर्षों पर आधारित होंगे।




### आदि शंकराचार्य को समर्पित

इस प्रोजेक्ट के बारे में निर्देशक ओंकार नाथ मिश्रा ने बताया कि यह सीरीज महान आदि शंकराचार्य को समर्पित है, जिनकी बुद्धिमत्ता, ज्ञान और आध्यात्मिक शक्ति ने इस राष्ट्र को आकार दिया। जब भारत 300 से अधिक राज्यों में बंटा हुआ था, उस समय आदि शंकराचार्य ने देशभर में यात्रा की और इसे सनातन धर्म के ध्वज तले एकजुट किया। उनका सांस्कृतिक और आध्यात्मिक पुनर्जागरण में योगदान अतुलनीय है और हम उनकी कहानी को आधुनिक दर्शकों के स्वर में जीवंत करना चाहते हैं। यह सीरीज 1 नवंबर से आर्ट ऑफ लिविंग ऐप पर उपलब्ध होगी जो इस महान राष्ट्रीय नायक की प्रेरणादायक जीवन की कहानी को विश्वभर के दर्शकों तक पहुंचाएगी।

# 'वनवास' का ऐलान

## अपनी कलयुगी रामायण से दर्शकों को भाव-विभोर करेंगे नाना पाटेकर



12 अक्टूबर को देशभर में दशहरा का पर्व मनाया जा रहा है। कंगना रनौत समेत कई बॉलीवुड सितारों ने भी इस त्योहार की अपने-अपने अंदज में प्रशंसकों को शुभकामनाएं दी हैं। इस बीच 'गदर' और 'गदर 2' के निर्देशक अनिल शर्मा ने अपनी नई फिल्म 'वनवास' का ऐलान कर दिया है, जिसमें नाना पाटेकर और अभिनेता उत्कर्ष शर्मा मुख्य भूमिका निभा रहे हैं। टीजर के जरिए फिल्म की कुछ झलकियां साझा कर निर्माता-निर्देशक ने इसकी घोषणा की है।

### 'अपने ही अपनों को देते हैं: वनवास'

निर्माताओं ने सोशल मीडिया पर फिल्म का पहला टीजर साझा कर लिखा, 'कहानी जिंदगी की....कहानी जज्बात की। कहानी अपनों के विश्वास की। पूरे परिवार के संग देखिए परिवार की फिल्म 'वनवास'। जल्द आ रही है आपके नजदीकी सिनेमाघरों में। अपने ही अपनों को देते हैं: वनवास। आप सभी को दशहरा की हार्दिक शुभकामनाएं।' टीजर में जबरदस्त विजुअल्स और एक धमाकेदार बैकग्राउंड स्कोर को कैद किया गया है। इसमें 'राम राम' गाना भी है, जो माहौल को और दिव्य बनाता है।

### पहले 'जर्नी' था फिल्म का नाम

इस फिल्म का नाम पहले 'जर्नी' रखा गया था, जिसे बाद में बदलकर 'वनवास' कर दिया गया। पिछले साल नवंबर में इस फिल्म की शूटिंग शुरू हुई थी। शूटिंग शुरू करने से पहले निर्देशक ने पाटेकर और उत्कर्ष के साथ काशी विश्वनाथ मंदिर के दर्शन किए थे। यह फिल्म एक पिता और बेटे के रिश्ते पर आधारित है। बताया जा रहा है कि फिल्म की कहानी कुछ ऐसी होगी, जिसे देख दर्शकों की भावनाओं का सैलाब उमड़ पड़ेगा।

## प्रशांत वर्मा ने जताई भविष्य में रणवीर संग काम करने की उम्मीद

अपनी पिछली रिलीज फिल्म 'हनुमान' से दर्शकों के बीच लोकप्रिय हुए निर्देशक प्रशांत वर्मा ने हाल में ही अपनी आगामी फिल्म की घोषणा की है। उन्होंने 'महाकाली' नाम से अपनी अगली फिल्म की तैयारी में जुट गए हैं। इससे पहले निर्देशक ने रणवीर सिंह के साथ अपने प्रोजेक्ट की घोषणा की थी। हालांकि, यह सफल नहीं हुआ था और अभिनेता ने बाद में मतभेद के बाद प्रोजेक्ट छोड़ दिया था। हाल ही में एक इंटरव्यू में, निर्देशक ने साझा किया है कि वह रणवीर के साथ किसी प्रोजेक्ट पर काम करने को लेकर आशान्वित हैं।



### 'जताई रणवीर संग काम करने की उम्मीद'

निर्देशक ने बताया कि वह अभिनेता के साथ अभी भी बातचीत कर रहे हैं और वह भविष्य में साथ काम करने की उम्मीद करते हैं। निर्देशक ने कहा कि उन्होंने अतीत में दोनों के बीच हुए मतभेदों को भुला दिया है। निर्देशक ने कहा, 'रणवीर और मैं अभी भी एक-दूसरे से बात करते हैं। यह हमारे बीच सिर्फ विचारों का मतभेद था। बस इतना ही बात थी। ठीक है, चीजें सहीं नहीं बैठीं, लेकिन हम किसी दिन साथ काम करेंगे।' बता दें कि रणवीर सिंह हनुमान के निर्देशक प्रशांत वर्मा के साथ 'राक्षस' फिल्म में काम करने वाले थे, लेकिन चीजें सही तरीके से आकार नहीं ले सकीं और दोनों साथ काम नहीं कर पाए। इसके बाद दोनों ने एक संयुक्त बयान साझा करते हुए बताया था कि उनकी फिल्म, राक्षस, को रोक दिया गया है। वर्मा ने कहा था, 'रणवीर की ऊर्जा और प्रतिभा मिलना दुर्लभ है। हम भविष्य में जल्द ही अपनी-अपनी ताकतों का साथ में प्रदर्शन करते नजर आएंगे।' वहीं, रणवीर सिंह ने कहा था, 'प्रशांत एक बहुत ही खास प्रतिभा हैं। हम मिले और साथ में एक फिल्म के विचार पर विचार किया।

# आलिया भट्ट पर भड़कीं दिव्या खोसला






आलिया भट्ट की फिल्म जिगरा हाल ही में सिनेमाघरों में रिलीज हुई है। अभिनेत्री के फैंस को यह फिल्म पसंद आ रही है तो कुछ लोगों पर यह फिल्म अपना जादू नहीं चला सकी है। इस फिल्म की तुलना सावी से भी हो रही है। अब जब फिल्म रिलीज हो गई है तो दिव्या खोसला ने इंस्टाग्राम पर आलिया पर खुलकर निशाना साधा है। अभिनेत्री ने शनिवार (12 अक्तूबर) को एक खाली थिएटर की एक तस्वीर साझा करते हुए आलिया पर जमकर हमला बोला। उन्होंने दावा किया कि जिगरा की स्क्रीनिंग करने वाले थिएटर खाली चल रहे हैं। साथ ही उन्होंने कहा कि कहा कि झूठ पर सच्चाई की हमेशा जीत होती है।

दिव्या ने इंस्टाग्राम स्टोरी साझा करते हुए कैप्शन में लिखा, 'जिगरा शो के लिए सिटी मॉल पीवीआर गए....थिएटर पूरी तरह से खाली था ... सभी थिएटर हर जगह खाली जा रहे हैं। आलिया भट्ट में सच में बहुत जिगरा है .. खुद ही टिकट करवाए और फर्जी कलेक्शन की घोषणा कर दी।' बता दें कि कुछ समय पहले दिव्या खोसला ने अपनी फिल्म 'सावी' और आलिया भट्ट की 'जिगरा' के बीच समानताओं पर अपनी प्रतिक्रिया दी थी। उन्होंने इस कहा था कि हर फिल्म का अपना रास्ता होता है और वह आभारी हैं कि उन्होंने पहले इस शैली को आजमाया।

# 'बब्बर शेर' बन दहाड़ेंगे जैकी श्रॉफ



इस साल कई फिल्में रिलीज हो रही हैं। इसमें वरुण धवन की फिल्म 'बेबी जॉन' भी शामिल है। फिल्म से वरुण का लुक भी सामने आ चुका है। बीते दिन इससे विलेन बने जैकी श्रॉफ की पहली झलक सामने आई थी और अब निर्माताओं ने फिल्म से बकायदा एक कैरेक्टर प्रोमो जारी कर जैकी की खतरनाक झलकियां प्रशंसकों को दिखाई हैं। इसे देख लगता है कि बॉबी देओल के बाद सर्वश्रेष्ठ खलनायक का खिताब जैकी को ही मिलने वाला है।

### पर्दे पर बवाल करने को तैयार जैकी

टीजर का बैकग्राउंड म्यूजिक जबरदस्त है, जो जैकी के खौफनाक अवतार को और दमदार बनाता है। निर्दयी विलेन बन जग्गू दा पर्दे पर बवाल करने को तैयार हैं। उनके किरदार का नाम बब्बर शेर है, जिसका फिल्म के हीरो वरुण के साथ जबरदस्त टकराव देखने को मिलेगा। चेहरे पर घाव के निशान, लंबे सफेद बाल और दाढ़ी-मूछ में जैकी का लुक देखते ही बनता है। फिल्म से आई जैकी की पहली झलक पर भी दर्शकों ने खूब प्यार लुटाया था।

## न्यूज़ ब्रीफ

### 11 राज्यों में 75 इंफ्रा-प्रोजेक्ट्स का उद्घाटन

**कोलकाता।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शनिवार 12 अक्टूबर को सिक्किम में बनी रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण कुपुप-शेराथांग रोड का वर्चुअली उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने पश्चिम बंगाल, नगालैंड सहित 11 राज्यों के कुल 75 इंफ्रा-प्रोजेक्ट्स का उद्घाटन किया। इनमें 22 सड़कें और 51 पुल हैं। रक्षा मंत्री ने पश्चिम बंगाल के सुकना में त्रिशक्ति कोर के हेडक्वाटर से इन परियोजनाओं का उद्घाटन किया। ये निर्माण सीमा सड़क संगठन (BRO) ने किया है। चीन सीमा और अन्य दूरदराज इलाकों में बने इन प्रोजेक्ट्स की लागत करीब 2236 करोड़ रुपये है। इससे लद्दाख, जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, सिक्किम और अरुणाचल प्रदेश में अंतरराष्ट्रीय सीमा पर तैनात सुरक्षा बलों की आवाजाही, राशन, ऑर्टिलरी जैसी चीजें पहुंचाने में आसानी होगी।

### आर्मी चीफ ने असम में लॉन्च किया अग्नि अस्त्र

**गुहावटी।** आर्मी चीफ उपेंद्र द्विवेदी ने असम के गंगटोक में 11 अक्टूबर को पोर्टेबल मल्टी-टारगेट डेटोनेशन डिवाइस 'अग्नि अस्त्र' लॉन्च किया। वे आर्मी कमांडर कॉन्फ्रेंस (ACC) में भाग लेने आए थे। इस डिवाइस की मदद से कई टारगेट को एक साथ निशाना बनाया जा सकता है। इसे मैनुअली और रिमोटली यानी ड्रोन के जरिए टारगेट पर इंस्टॉल किया जा सकता है। इंजीनियर कोर के मेजर राजप्रसाद ने इसे बनाया है। उन्हें इस साल की शुरुआत में 19 मार्च को इसका जिम्मा मिला था। डिवाइस को WEDC के नाम से भी जाना जाता है। अधिकारियों ने बताया कि इस डिवाइस की मदद से कमरे से लेकर छिपे बंकर तक को तबाह कर सकत हैं। एंटी-टेररिस्ट ऑपरेशनों में यह अहम भूमिका निभा सकता है। इस डिवाइस को पहले से इस्तेमाल किए जा रहे एक्सप्लोडर डायनेमो कैपेसिटर में सुधार करके बनाया गया है। पहले इसकी रेंज 400 मीटर थी। जबकि इस नए डिवाइस की टेक्नोलॉजी माइक्रोप्रोसेसर पर आधारित है। इससे यह 2.5 किमी की रेंज में वायर्ड और वायरलेस दोनों मोड में काम कर सकता है। इससे सुरक्षित दूरी पर रहकर इफेक्टिव ब्लास्ट किया जा सकता है।

### कुख्यात सुपारी किलर छत्तीसगढ़ से गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने 50 हजार के इनामी एक कुख्यात सुपारी किलर को गिरफ्तार किया है। आरोपी को पुलिस ने छत्तीसगढ़ के घने जंगल से पकड़ा है। वहां वह अपना नाम बदलकर छिपा हुआ था। वह तिलक नगर में हत्या के एक मामले में पिछले 11 वर्षों से फरार चल रहा था। पुलिस के हत्थे चढ़ा आरोपी राजू बनारसी झारखंड के पलामू जिले का रहने वाला है। वह वर्ष 2013 के एक सनसनीखेज हत्या मामले में फरार चल रहा था और उसकी गिरफ्तारी पर 50 हजार रुपये का इनाम घोषित था। छह आरोपियों ने मारे गए शख्स के सगे भाई के निर्देश पर वारदात को अंजाम दिया था। इस साजिश को अंजाम देने के लिए आरोपी राजू बनारसी द्वारा एक पिस्तौल और एक देशी कट्टा उपलब्ध कराया गया था। वारदात को अंजाम देने के बाद सभी आरोपी भाग गए थे, लेकिन बाद में अलग-अलग समय के अंतराल पर सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया था, लेकिन राजू बनारसी फरार चल रहा था। इसके बाद क्राइम ब्रांच ने इसे गिरफ्तार कर लिया।

# गुजरात के मेहसाणा में हादसा, 9 मजदूरों की मौत

## एक को जिंदा निकाला, फैक्ट्री में टैंक खोदते वक्त मिट्टी गिरी

एजेंसी | मेहसाणा

गुजरात के मेहसाणा जिले में शनिवार को टैंक खोद रहे मजदूरों पर मिट्टी गिर गई। हादसे में 9 मजदूरों की मौत हो गई। 19 साल के लड़के को जिंदा बचा लिया गया। हादसा मेहसाणा से लगभग 37 किमी दूर जासलपुर गांव के पास हुआ। पुलिस ने बताया कि जासलपुर गांव में एक फैक्ट्री के लिए कई मजदूर अंडरग्राउंड टैंक खोद रहे थे, तभी मिट्टी धंस गई। सभी 9 शव बरामद कर लिए गए हैं। स्टील आईनॉक्स स्टेनलेस प्राइवेट लिमिटेड में जब मजदूर टैंक खोद रहे थे, तब अचानक मिट्टी गिरी। हादसे के बाद जेसीबी की मदद से मिट्टी हटाई गई। मौके पर 5 एम्बुलेंस, पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम भी पहुंची।



### निजी कंपनी के थे मजदूर

मेहसाणा जिले के एसपी डॉ. तरूण दुग्गल ने बताया कि कादी के गांव में नई कंपनी का निर्माण कार्य चल रहा था, तभी हादसा हुआ। मजदूर किसी निजी कंपनी के बताए गए हैं। प्रशासन के अधिकारी भी मौके पर पहुंचे। हादसे की जांच की जा रही है। मेहसाणा की जिला विकास अधिकारी (डीडीओ) डॉ. हसरत जैस्मिन ने बताया कि हादसा दोपहर करीब 12.45 बजे हुआ। हमारी जानकारी के अनुसार वहां 9-10 लोग फंसे हुए थे। 19 साल के एक लड़के को जिंदा बचा लिया गया है। उसके बयान के मुताबिक 10 लोग यहां काम कर रहे थे। इनमें दो महिलाएं थीं।

### प्रधानमंत्री राहत कोष से 2-2 लाख की मदद



PM नरेंद्र मोदी ने घटना पर दुख जताया है। उन्होंने कहा कि प्रशासन प्रभावितों की हरसंभव मदद करेगा।प्रधानमंत्री राहत कोष से मृतकों के परिजन को 2-2 लाख रुपए और घायलों को 50-50 हजार रुपए की मदद का ऐलान किया गया है। गुजरात के मुख्यमंत्री राहत कोष से मृतकों के परिजन को 4-4 लाख रुपए की मदद का ऐलान किया गया है।

# मणिपुर में जातीय हिंसा के बाद जबरन वसूली बढ़ी

## सरकार ने एंटी एक्सटॉर्शन सेल का किया गठन

एजेंसी | इम्फाल

मणिपुर में जातीय हिंसा 3 मई 2023 को शुरू हुई थी। इसके 16 महीने बीत चुके हैं। इस दौरान राज्य में जबरन वसूली की घटनाएं बढ़ी हैं। कई गैंग-गिरोह हैं जो जबरन वसूली करके अंडरग्राउंड हो जाते हैं। अब इनसे निपटने के लिए मणिपुर पुलिस ने स्पेशल सेल 'एंटी एक्सटॉर्शन सेल' का गठन किया है।

IGP इंटेलिजेंस के. कबीब ने कहा- राज्य से निकले नेशनल हाइवे से गुजरने वालों ट्रकों से अवैध टैक्स वसूला जा रहा है। डोनेशन के नाम पर व्यापारियों, एजुकेशन इंस्टीट्यूट और आम लोगों को परेशान किया जा रहा है। उनसे जबरन वसूली की जा रही है।



### आरोपियों के खिलाफ एक्शन लेगी

उन्होंने कहा कि पुलिस जबरन वसूली करने वालों के खिलाफ सख्त एक्शन ले रही है। कई अंडरग्राउंड गैंग और गिरोह किडनैपिंग, ग्रेनेड अटैक और फोन पर धमकी देने के मामलों में शामिल हैं। इन एक्टिविटी के जवाब में पुलिस ने ADGP (लॉ एंड ऑर्डर) की लीडरशिप में एंटी एक्सटॉर्शन सेल बनाई है। इसमें सभी जोन के IGP सदस्य हैं।

### 15 क्रैक टीमें, 16 पुलिस-CPRF की कंपनियां तैनात

कबीब ने कहा- एंटी एक्सटॉर्शन सेल पूरे राज्य में हो रही जबरन वसूली विरोधी कैंपेन मॉनिटरिंग और सुपरविजन करेगी। जिला पुलिस ने अन्य सिक्योरिटी एजेंसियों की मदद से 15 क्रैक टीमें तैयार की हैं। उन्होंने कहा कि बीते एक साल में जबरन वसूली करने वाले 121 से ज्यादा लोगों को गिरफ्तार किया गया है। साथ ही अंडरग्राउंड गैंग-गिरोह के 215 से अधिक सदस्यों को भी गिरफ्तार किया गया है। नेशनल हाईवे पर आवश्यक वस्तुओं के आवागमन में परेशानी परेशानी ना हो इसके लिए पुलिस ने CRPF की मदद से NH-2 पर रोड ओपनिंग पार्टी (ROP) के लिए 16 कंपनियों को तैनात किया है। ट्रकों की सुरक्षा के लिए दो अतिरिक्त कंपनियां भी तैनात की गई हैं।

# मदरसों की फंडिंग बंद करें: बाल आयोग

एजेंसी | नई दिल्ली

राष्ट्रीय बाल संरक्षण आयोग (NCPCR) ने सभी राज्यों को लेटर लिखकर कहा है कि मदरसों को दिया जाने वाला फंड बंद कर देना चाहिए। ये राइट-टु-एजुकेशन (RTE) नियमों का पालन नहीं करते हैं। आयोग ने 'आस्था के संरक्षक या अधिकारों के विरोधी: बच्चों के संवैधानिक अधिकार बनाम मदरसे' नाम से एक रिपोर्ट तैयार करने के बाद ये सुझाव दिया है। NCPCR ने कहा- मदरसों में पूरा फोकस धार्मिक शिक्षा पर रहता है, जिससे बच्चों को जरूरी शिक्षा नहीं मिल पाती और वे बाकी बच्चों से पिछड़ जाते हैं।



### बाल आयोग की 3 सिफारिश

- मदरसों और मदरसा बोर्डों को राज्य की तरफ से दिए जाने वाले फंड को रोक दिया जाए।
- मदरसों से गैर-मुस्लिम बच्चों को हटाया जाए। संविधान के आर्टिकल 28 के मुताबिक, माता-पिता की सहमति के बिना किसी बच्चे को धार्मिक शिक्षा नहीं दी जा सकती।
- एक संस्थान के अंदर धार्मिक और औपचारिक शिक्षा एक साथ नहीं दी जा सकती है।

# 5 साल में लॉन्च होंगे 52 जासूसी सैटेलाइट


## AI तकनीक से लैस, आपस में करेंगे बात

### चीन-पाकिस्तान बॉर्डर पर निगरानी और मजबूत होगी

एजेंसी | चेन्नई

भारत अगले 5 सालों में 52 जासूसी सैटेलाइट लॉन्च करेगा। इन सैटेलाइट्स का मकसद पड़ोसी देशों चीन-पाकिस्तान की गतिविधियों पर नजर रखना होगा। इससे सेना की निगरानी क्षमता में काफी बढ़ोतरी होगी। रिपोर्ट के मुताबिक PM नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता वाली सुरक्षा मामलों की कैबिनेट समिति (CCS) ने 7 अक्टूबर को स्पेस बेस्ड सर्विलांस (SBS-3) प्रोग्राम के तीसरे फेज को मंजूरी दे दी है। ये सभी सैटेलाइट आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) बेस्ड होंगे। 36 हजार किमी. ऊंचाई पर ये आपस में कम्यूनिकेट कर सकेंगे। इससे पृथ्वी तक सिग्नल भेजने, मैसेज-तस्वीरें भेजने में आसानी होगी।





### सर्विलांस सैटेलाइट्स खास, 27 हजार करोड़ खर्च होंगे

- 52 सैटेलाइट्स की लॉन्चिंग में करीब 27,000 करोड़ रुपये खर्च होंगे। सभी 52 सैटेलाइट को इसरो तैयार नहीं करेगा। 21 सैटेलाइट इसरो की तरफ से बनाए जाएंगे। 31 सैटेलाइट प्राइवेट कंपनियां तैयार करेंगी।
- सभी सैटेलाइट AI बेस्ड होंगे। ISRO के एक सीनियर अधिकारी ने दिसंबर में कहा था, सैटेलाइट के बीच कम्यूनिकेशन हो सकेगा।
- किसी सैटेलाइट को 36,000 किमी की ऊंचाई पर GEO (जियोसिंक्रोनस इक्वेटोरियल ऑर्बिट) में कुछ पता लगाता है, तो वह निचली कक्षा (400-600 किमी. की ऊंचाई पर) में दूसरे सैटेलाइट को मैसेज भेज सकेगा कि संदिग्ध इलाके में और ज्यादा जांच करे।

# बागमती ट्रेन हादसे की शुरू हुई जांच

## रेलवे सुरक्षा आयुक्त ने दुर्घटनास्थल का किया निरीक्षण

एजेंसी | मैसूर

मैसूर से दरभंगा जा रही बागमती एक्सप्रेस (12578) तमिलनाडु के कावरापेट्टई स्टेशन के पास शुक्रवार को मालगाड़ी से टकरा गई थी। इस हादसे में कई लोग घायल हुए हैं। इस मामले को लेकर सभी अधिकारी सतर्क हो गए हैं। घटनास्थल पर जांच शुरू कर दी गई है। रेलवे सुरक्षा के एक वरिष्ठ अधिकारी ने आज कावारईपेट्टई रेल दुर्घटनास्थल का निरीक्षण किया।



### क्या है मामला?

मैसूर से दरभंगा जा रही बागमती एक्सप्रेस (12578) तमिलनाडु के कावरापेट्टई स्टेशन के पास मालगाड़ी से टकरा गई थी। इस हादसे में कई लोग घायल हुए। हादसे के बाद तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने कहा था कि वह लगातार बचाव कार्यों की निगरानी कर रहे हैं। घायल यात्रियों को अस्पताल ले जाया गया। अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री नासर और जिला कलेक्टर सहित अन्य सरकारी अधिकारियों को दुर्घटना स्थल पर जाने का निर्देश दिया गया था। मंत्री एसएम नासर और अन्य अधिकारियों ने दुर्घटना स्थल पर पहुंचने के बाद रेस्क्यू ऑपरेशन में तेजी लाने की घोषणा की।

### विशेष ट्रेन से 1,800 से अधिक यात्री रवाना

रेलवे ने बताया कि 11 अक्तूबर को रात करीब साढ़े आठ बजे मैसूरु-दरभंगा बागमती एक्सप्रेस यहां के निकट कवरईपेट्टई में खड़ी मालगाड़ी से टकरा गई और यात्रियों को दो ईएमयू स्पेशल ट्रेनों से पोंनेरी और फिर चेन्नई सेंट्रल ले जाया गया। इस बीच, यहां मध्य रेलवे स्टेशन से एक विशेष ट्रेन से 1,800 से अधिक यात्री एक विशेष ट्रेन से दरभंगा के लिए रवाना हुए।

### गहराई से जांच शुरू की

दक्षिण रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी एम सेंथामिल सेलवन ने कहा कि दक्षिण रेलवे के वरिष्ठ अधिकारियों की सहायता से बेंगलुरु के दक्षिणी सर्किल के रेलवे सुरक्षा आयुक्त एएम चौधरी ने ट्रैक, प्वाइंट और ब्लॉक, सिग्नल, स्टेशन इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग सिस्टम, कंट्रोल पैनल और अन्य महत्वपूर्ण सुरक्षा, सिग्नल और परिचालन पहलुओं की गहराई से जांच शुरू कर दी है।

# असम ऑनलाइन ट्रेडिंग घोटाले की जांच करेगी सीबीआई

### केंद्र ने जारी की अधिसूचना

एजेंसी | गुवाहाटी

असम ऑनलाइन ट्रेडिंग घोटाले में अब एक नया मोड़ आया है। केंद्र सरकार ने अधिसूचना जारी कर सीबीआई को करोड़ो रुपये के ऑनलाइन ट्रेडिंग घोटाले से जुड़े 41 मामलों की जांच जिम्मेदारी सौंप दी है। असम के कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय ने शुक्रवार को अधिसूचना जारी की। इसके साथ ही असम के सीएम हिमंत बिस्वा सरमा ने इस बात का आश्वासन दिया है कि वे इस मामले की त्वरित जांच के लिए सीबीआई को पूर्ण सहयोग प्रदान करेंगे।

### केंद्र सरकार ने जारी की अधिसूचना




जारी अधिसूचना में कहा गया है कि दिल्ली विशेष पुलिस प्रतिष्ठान के सदस्यों की शक्तियों और अधिकार क्षेत्र को आईपीसी/बीएनएस और अन्य अधिनियमों की संबंधित धाराओं के तहत अपराधों की जांच के लिए पूरे असम राज्य में विस्तारित किया गया है। वहीं इस मामले में दर्ज 41 अपराधिक मामलों की जांच सीबीआई को सौंपी गई है। इसके साथ ही सीएमओ ने सोशल मीडिया पोस्ट कर कहा कि मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा के नेतृत्व वाली राज्य सरकार ने इन मामलों की त्वरित जांच के लिए सीबीआई को पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया है। जानकारी के अनुसार घोटाला अगस्त के अंतिम सप्ताह में तब सामने आया जब दीपांकर बर्मन नामक एक व्यक्ति की कंपनी में बड़ी रकम निवेश करने वाले लोगों ने शिकायत की कि वह उन्हें वादा किए गए रिटर्न का भुगतान करने में विफल रहा है और उसका कार्यालय 21 अगस्त से बंद है। सितंबर में, असम मंत्रिमंडल ने मामलों को सीबीआई को हस्तांतरित करने का फैसला किया।

# बंगाल सरकार ने डॉक्टरों के सामूहिक इस्तीफे को बताया 'अवैध'

एजेंसी | कोलकाता

पश्चिम बंगाल सरकार ने शनिवार को कहा कि, सरकारी अस्पतालों के डॉक्टरों द्वारा दिया गया सामूहिक इस्तीफा वैध नहीं है। इसे सेवा नियमों के अनुसार व्यक्तिगत रूप से प्रस्तुत किया जाना चाहिए। बता दें कि कुछ दिनों पहले सरकारी अस्पतालों के कई डॉक्टरों ने सामूहिक रूप से हस्ताक्षरित ₹इस्तीफा₹ पत्र सरकार को सौंपा था। कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में बलात्कार और हत्या की शिकार हुई स्नातकोत्तर प्रशिक्षु के लिए न्याय की मांग को लेकर राज्य में पिछले काफी समय से डॉक्टर आंदोलनरत हैं। वहीं दूसरी ओर जूनियर डॉक्टर्स अपनी मांगों को लेकर आमरण अनशन पर बैठे हुए हैं, वरिष्ठ डॉक्टरों ने इनके समर्थन में ये इस्तीफे दिए थे।





### अलपन बंद्योपाध्याय ने साफ किया सरकार का पक्ष

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के मुख्य सलाहकार अलपन बंद्योपाध्याय ने कहा, ₹जब तक कोई कर्मचारी सेवा नियमों के अनुसार नियोक्ता को व्यक्तिगत रूप से अपना इस्तीफा नहीं भेजता है, तब तक वह त्यागपत्र नहीं माना जाता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि डॉक्टरों द्वारा भेजे गए पत्र केवल सामूहिक हस्ताक्षर थे। जिसमें किसी मुद्दे को स्पष्ट नहीं किया गया था।

# बांग्लादेश में पंडाल और मंदिरों पर हमले को लेकर भारत सख्त; बयान जारी

एजेंसी | नई दिल्ली

भारत ने शनिवार को कहा कि वह बांग्लादेश में दुर्गा पूजा पंडाल पर कथित हमले और एक प्रतिष्ठित काली मंदिर में चोरी की घटना को गंभीर चिंता के रूप में देखता है। साथ ही भारत ने बांग्लादेश से हिंदुओं समेत अन्य सभी अल्पसंख्यकों और उनके पूजा स्थलों की सुरक्षा सुनिश्चित करने का अनुरोध किया है। विदेश मंत्रालय (एमईए) ने एक बयान में इन घटनाओं को निंदनीय घटनाएं बताया है और कहा कि ये बांग्लादेश में मंदिरों और देवताओं के अपवित्रीकरण के व्यवस्थित पैटर्न का अनुसरण करती हैं। विदेश मंत्रालय ने कहा, 'हमने ढाका के तांतीबाजार में एक पूजा मंडप पर हमले और सतखीरा में प्रतिष्ठित जेशोरेश्वरी काली मंदिर में चोरी की घटना को गंभीर चिंता के साथ देखा है।'



### पंडाल में फेंका गया बम

इससे पहले बांग्लादेशी के अखबार प्रथम अलो ने पुराने ढाका के तांतीबाजार इलाके में एक दुर्गा पूजा पंडाल पर कथित तौर पर कच्चे बम फेंके जाने की घटना की खबर दी थी। रिपोर्ट में कहा गया है कि बम में आग लग गई, लेकिन कोई घायल नहीं हुआ। साथ ही बताया गया कि यह घटना शुक्रवार रात को हुई। शुक्रवार को नवरात्रि का नौवां और आखिरी दिन था, जो हिंदुओं के लिए नौ दिनों का पवित्र काल है। इस दौरान दुर्गा पूजा भी मनाई जाती है। इसका समापन 10वें दिन दशहरा या विजयादशमी के साथ होता है।

### विदेश मंत्रालय ने जताई आपत्ति

विदेश मंत्रालय ने बांग्लादेश में हुई दो घटनाओं पर कड़ी आपत्ति जताई है। उसने कहा कि ये निंदनीय घटनाएं हैं। वे मंदिरों और देवताओं को अपवित्र करने और नुकसान पहुंचाने के एक व्यवस्थित पैटर्न का पालन करते हैं, जिसे हम पिछले कई दिनों से देख रहे हैं। विदेश मंत्रालय ने कहा, 'हम बांग्लादेश सरकार से हिंदुओं और सभी अल्पसंख्यकों और उनके पूजा स्थलों की सुरक्षा सुनिश्चित करने का आह्वान करते हैं, खासकर इस शुभ त्योहार के समय।'

# सहारा रेगिस्तान में चमत्कार

## सूखी झीलों में 50 साल बाद भरा पानी

एजेंसी | नई दिल्ली

अफ्रीका के सहारा रेगिस्तान में 50 साल बाद चमत्कार हुआ है। दुनिया के सबसे शुष्क माने जाने वाले सहारा रेगिस्तान में पिछले दो दिनों से लगातार बारिश हो रही है। इस बारिश के चलते वहां बाढ़ आ गई है। बाढ़ के कारण ताड़ के पेड़ों और रेत के टीलों के बीच पानी के नीले लैगून दिखाई दे रहे हैं, मौसम वैज्ञानिकों ने बताया कि पिछले 50 साल में पहली बार सहारा रेगिस्तान में इतने कम समय में इतनी ज्यादा बारिश हुई है। ग्रह पर सबसे बड़ा गर्म रेगिस्तान, उत्तरी अफ्रीकी क्षेत्र में स्थित दुनिया के सबसे शुष्क स्थानों में से एक है और गर्मियों के अंत में शायद ही यहां कभी बारिश होती है। मोरक्को सरकार ने कहा कि सितंबर में दो दिनों की बारिश कई क्षेत्रों में वार्षिक औसत से अधिक हो गई है, जहां सालाना 10 इंच से भी कम बारिश होती है। इन क्षेत्रों में से एक टाटा भी है, जहां इस बार बारिश से बाढ़ आ गई।



### 24 घंटे के दौरान 3.9 इंच से ज्यादा बारिश

सहारा रेगिस्तान में भारी बारिश हो रही है। माली और मॉरिटानिया में इस समय असामान्य रूप से उच्च स्तर की बारिश हो रही है। साथ ही अटलांटिक में तूफान के कम आने का ये भी एक कारण हो सकता है। ये लहरें अक्सर तूफान में बदल जाती हैं, इनकी संभावना इस वक्त बहुत कम है।